# पुरानी सब्जी मंडी-रामस्वरूप पार्क की तंग गलियों से निकलना दूभर

## दो साल पहले सख्ती के दावे करते हुए गरजी थी जेसीबी, नगर पालिका पर निगरानी की छोड़ी थी जिम्मेदारी, झांकने भी नहीं गए कर्मचारी


राम स्वरूप पार्क की गलियों में अतिक्रमण। ● अमृत विचार


किराना मंडी जाने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क पर सजी दुकानें। ● अमृत विचार


पुरानी सब्जी मंडी में फिर पसरने लगा अतिक्रमण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते अतिक्रमण से सिकुड़ी तंग गलियां शहरवासियों की मुसीबत बन चुकी हैं। मुख्य मार्गों पर सफर करना मुश्किल हो चुका है। अधिकारियों की गाड़ियां तो हूटर बजाकर गुजर रही हैं, लेकिन आम नागरिकों को जाम में फंसकर परेशान होना पड़ रहा है। आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। इसके साथ ही अव्यवस्था की मार झेलनी पड़ेगी। अतिक्रमण हटवाने की कोई प्लानिंग ही दो साल में नहीं बनाई जा सकी है। आलम ये है कि जिन तंग गलियों को सख्ती के दावे करते हुए अतिक्रमण से मुक्त कराया गया था, अब वहां से खुद अफसरों के वाहन भी निकल नहीं सकते। नगर पालिका छोड़िए, प्रशासनिक अधिकारियों ने भी अब अतिक्रमण की समस्या के समाधान से मुंह मोड़ लिया है। अतिक्रमणकारी दोबारा हावी हो चुके हैं। तंग गलियों में दुकानें सजना शुरू हुई और पक्के निर्माण भी हो चुके हैं।

शहर की ऐसी कोई सड़क नहीं बची है, जहां पर अतिक्रमण नहीं। शहर की पुरानी सब्जी मंडी, राम स्वरुप पार्क की तंग गलियों पर नजर डाली जाए तो सड़कों पर फैली अव्यवस्था की हकीकत खुलकर सामने आ जाएगी। बता दें कि दो साल पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में हुई बैठक के दौरान सड़कों पर अतिक्रमण को लेकर खासी नाराजगी जताई और अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। शासन की सख्ती हुई तो जिला प्रशासन हरकत में आया। तत्कालीन डीएम संजय कुमार सिंह के निर्देश पर 17 दिसंबर 2024 को सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ पहुंचकर पुरानी सब्जी मंडी की सड़क को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाई। कई दुकानों के आगे बनाए गए पक्के चबूतरे जेसीबी से ध्वस्त कराए गए और बाहर की तरफ लोहे के एंगिल के साथ लगाए गए दुकानों के बोर्ड को भी हटवाया था।

स्थिति यह थी कि यहां सब्जी खरीदने आने वालों को ही निकलना मुश्किल होता था। उस वक्त चूने वाली गली से पुरानी सब्जी मंडी जाने वाली गली में दो घंटे तक अभियान चला और जेसीबी गरजी, एक-एक कर करीब 35 दुकानों के आगे बने चबूतरे और शेड ढहा दिए गए थे। इसके बाद नगर पालिका की टीम को जिम्मेदारी दी गई थी कि संबंधित गली पर निगरानी जारी रखी जाए ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सके। इस अभियान की खास बात ये थी कि अतिक्रमण हटा तो चूने वाली गली से ही घंटाघर दिखाई देने लगा था। मगर समय के साथ ही जिम्मेदार निगरानी करना भूल गए। इस सख्ती के पीछे की वजह को लेकर चर्चाओं का बाजार भी गरमाया रहा। अब दो साल में हालात पहले जैसे हो चुके हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि कोई निगरानी छोड़िए झांकने तक नहीं पहुंच रहा है। जिन दुकानों के टिनशेड उखाड़े गए थे, पुनः लगवा लिए हैं। सड़कों पर ही दुकानें सजाई जा रही हैं। इसी तरह से रामस्वरूप पार्क की गलियों को भी अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। यहां पर भी निगरानी जिम्मेदार भूल गए। ऐसे में रामस्वरुप पार्क की गलियों से पैदल गुजरना फिर मुश्किल हो चुका है।

### किराना और अनाज मंडी भी अछूती नहीं

वैसे तो अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर शहर में सिर्फ खानापूरी की जाती रही है। सालों पहले अभियान शुरू भी किए गए लेकिन विरोध या फिर राजनीतिक दखल के बाद पस्त पड़ गए। लंबे समय से जाम की समस्या बरकरार है। गांधी स्टेडियम रोड, चूड़ी वाली गली, फल मंडी, जेपी रोड, लोहा बाजार, ट्रांसपोर्ट नगर, मुख्य बाजार आदि पर भी दिन में कई बार जाम लगता है। कई संगठनों ने मांग रखी लेकिन ये कहकर टाल दिया गया कि इसे लेकर व्यापारी संगठनों संग मंथन होगा और फिर कार्रवाई की जाएगी। तमाम सड़कों की भांति किराना बाजार और अनाज मंडी की सड़कों पर किसी का ध्यान नहीं है। फिलहाल वर्तमान में हालात बेहतर नहीं कहे जा सकते हैं।

### प्रशासन और नगरपालिका के बीच फंसी कार्रवाई

अतिक्रमण की समस्या से भले ही शहरवासियों को परेशानी हो रही हो। जिसका कोई समाधान नहीं हो सका है। प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारियों के बीच कार्रवाई फंसी हुई है। दोनों तरफ के जिम्मेदार एक दूसरे का काम बताकर कर्तव्यों से इतिश्री कर रहे हैं और खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यापारी राकेश नकटा का निधन, जताया शोक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला शेखचांद के रहने वाले प्लाईवुड



व्यापारी राकेश अग्रवाल उर्फ नकटा का शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलने पर तमाम व्यापारी आवास पर पहुंचे और गमगीन परिवार को ढांढस बंधाया। केंद्रीय मंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, एसपीएस संधू, वरिष्ठ अधिवक्ता धीरेंद्र मिश्र आदि ने शोक व्यक्त किया।

### घर के बाहर खड़े युवक पर किया हमला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला जोशी कॉलोनी के निवासी प्रदीप कुमार पुत्र राम अवतार ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि तीन अप्रैल को वह घर के बाहर थे। इस बीच मोहल्ले के ही टोनी व उसके दो साथियों ने आकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हथौड़े और डंडे से वार करके घायल कर दिया। शोर पर लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### भतीजे को बचाने पहुंचे युवक पर किया हमला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के नौगवां पकड़ियां निवासी दीपक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह ईदगाह क्रासिंग के पास स्थित कांशीराम कॉलोनी में थे। उसी दौरान देखा कि उसका फुफेरा भाई शेर सिंह अपने बेटे कपिल की पिटाई कर रहा है। जब मौके पर पहुंचकर कपिल को बचाने का प्रयास किया और उसे कमरे में छोड़ने चले गए। इसी बात पर गुस्साकर शेर सिंह और उसके भाई रवि कुमार ने मारपीट की। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### चाचा पर फावड़े से किया हमला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव गुटैहा निवासी मनोहर लाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे वह खेत पर थे। वहां भतीजे नेतराम ने मेढ़ से सटाकर पेड़ लगा दिए थे। इसका विरोध करने पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। फावड़े से वार करके घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पिंकी और खुशी ने पाया प्रथम स्थान

- राम लुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय में हुई काव्य पाठ एवं निबंध प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राम लुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण विषय पर काव्य पाठ एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और उनकी अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करना रहा। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपने विचारों को कविता एवं निबंध के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. सचिन गिहार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बरखा ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन छात्राओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने के लिए निरंतर किया जाता रहेगा। काव्य पाठ प्रतियोगिता में पिंकी और खुशी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अन्य छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

# खाग में लगा स्वास्थ्य शिविर, 182 लोगों को मिला लाभ

- मेडिकल कॉलेज से पहुंची टीम छात्रों ने घर-घर जाकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


शिविर में ग्रामीणों को चेकअप कर दवा देती टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को खाग गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल की टीम ने शिविर में 182 ग्रामीणों की जांच कर उन्हें परामर्श व दवाएं उपलब्ध कराईं।

मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल की ओर से फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत शनिवार को खाग गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 182 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक दवाएं वितरित कीं। शिविर में वर्ष 2025 बैच के 100 एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने गांव की गलियों और घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और अधिक से अधिक ग्रामीणों को शिविर तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अंकित, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवाली, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जुनैद और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अदीबा ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। इस दौरान फार्मासिस्ट क्षितिज शुक्ला और लैब टेक्नीशियन लखवीर ने भी चिकित्सा सेवाओं में सहयोग किया। प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना और लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य की वास्तविक स्थिति को समझने का अवसर मिलता है।

संचालन डॉ. हुमा खान, डॉ. वर्तिका अग्रवाल और डॉ. कौस्तव हलदर ने किया।

# शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग का शोर, अफसरों को मिला सब ओके

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


एक शराब की दुकान पर चेकिंग करती टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलेभर की अधिकांश अंग्रेजी व देसी शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग का शोर पिछले कुछदिनों से मचा हुआ है।

शराब के पौवे और बीयर पर ओवर रेट वसूलने की बात कही जा रही है। इसकी कुछ शौकीनों की ओर से शिकायतें भी की गई है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। कहीं दस तो कहीं उससे अधिक रुपये अधिक वसूलने का शोर है। इसी बीच शनिवार को सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने पुलिस और आबकारी टीम के साथ नगर क्षेत्र में स्थित शराब के ठेकों की सघन चेकिंग की। चेकिंग के दौरान शराब की दुकानों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालन, स्टॉक रजिस्टर, लाइसेंस की वैधता, सीसीटीवी की कार्यशीलता एवं निर्धारित समयावधि में बिक्री की स्थिति को देखा गया।साथ ही ठेका संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए निर्देशित किया गया।

अवैध शराब की बिक्री, ओवररेटिंग या अन्य अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# केवाईसी के चलते भी अटकी गैस सिलेंडर की बुकिंग


सिलेंडर बुक कराने पहुंचे उपभोक्ता।

**बीसलपुर, अमृत विचार:** रसोई गैस की बुकिंग कराना उपभोक्ताओं के लिए अभी भी मुसीबत बना हुआ है। नए नियम के तहत केवाईसी अनिवार्य किए जाने के कारण अधिकांश उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग नहीं हो पा रही है। केवाईसी कराने व गैस बुक करने को लेकर नगर की दोनों गैस एजेंसियों पर लगातार उपभोक्ताओं की भीड़ लग रही है। शनिवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता एजेंसी पर पहुंचे। सरवर की दिक्कतों को लेकर उन्हें परेशान होना पड़ा।

रमपुरा मार्ग स्थित राजमणि गैस एजेंसी पर गैस बुकिंग व केवाईसी के लिए कतार लगी रही। प्रबंधक सुनीता कुमारी ने बताया कि घरेलू सिलेंडरों का वितरण नियमानुसार करवाया जा रहा है। केवाईसी न होने के कारण फोन पर गैस बुकिंग होने में दिक्कत आ रही है। उपभोक्ता कार्यालय पर आकर अपनी केवाईसी करवा सकते हैं। उधर रामलीला मार्ग स्थित बीसलपुर गैस सर्विस के प्रबंधक विपुल अग्रवाल ने बताया कि सरवर की दिक्कतों के चलते उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन की बुकिंग धीमी गति से हो रही है। घरेलू उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के तहत सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# आंगनबाड़ी सहायिकाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र


नियुक्ति पत्र वितरित करते विधायक।

**बीसलपुर, अमृत विचार :** बालविकास एवं पुष्टाहार विभाग में नियुक्त की गई आंगनबाड़ी सहायिकाओं को ब्लॉक सभागार में शनिवार को आयोजित समारोह में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। 32 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को विधायक विवेक वर्मा ने नियुक्ति पत्र दिए।

विधायक ने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीण अंचलों में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की सेवाओं को सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में रिक्त सहायिकाओं व आंगनबाड़ी महिलाओं की नियुक्ति की प्रक्रिया की जा रही है। प्रथम चरण में सहायिकाओं की ब्लॉक स्तर पर नियुक्तियां की गई है। द्वितीय चरण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां की जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आरओ का शुद्ध पेयजल, स्मार्टफोन , एलईडी से बच्चों की पढ़ाई आदि सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुडी ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वाली सभी सहायिकाएं समय से केंद्रों पर पहुंचे व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ केंद्र के संचालित होने वाले कार्यक्रम सफल बनाने में सहयोग दें। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, बीडीओ सर्वेश कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी कमलेश यादव, सुपरवाइजर मनीषा गंगवार, रुचि आदि मौजूद रही।

# अमरिया में गेहूं क्रय केंद्र बढ़ाने की मांग

- केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात के दौरान रखे मुद्दे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात करते कपिल अग्रवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कस्बा मझोला निवासी व्यापार मंडल की युवा विंग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने दिल्ली में शुक्रवार को अपने पुत्र आर्यांश अग्रवाल के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा और इसे जिले के विकास से जोड़ते हुए समाधान कराने का आग्रह किया।

दिल्ली स्थित कैंप कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान सर्वप्रथम केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को अंगवस्त्र भेंट कर टनकपुर अछनेरा ट्रेन को नियमित कराने और इस ट्रेन का मथुरा जंक्शन तक रूट बढ़वाने, टनकपुर से नांदेड़ तक की ट्रेन स्वीकृत करवाने पर अभिनंदन किया। कहा कि अमरिया तहसील क्षेत्र में महज दो गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जबकि बड़ी संख्या में किसान है। किसान की सहुलियत के लिए क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 15 करने की मांग की। ग्राम टांडा विजैसी में रेलवे क्रॉसिंग बंद किए जाने से सैकड़ों परिवारों के लिए आवागमन की दिक्कत बताई। आग्रह किया कि अंडरपास बनवा दिया जाए या फिर सड़क मार्ग को दुरुस्त कराएं। मझोला में स्थायी फायर ब्रिगेड की गाड़ी की जरूरत बताई। मझोला पुलिस चौकी को रिपोर्टिंग चौकी बनाने और अमरिया तहसील के मझोला में मंडी समिति की स्थापना कराने की भ्श्री मांग की। कहा कि अमरिया तहसील का नया भवन बन रहा है। ऐसे में जब तक के लिए मझोला के वृहद गन्ना समिति के भवन में कामकाज शिफ्ट किया जा सकता है। इसके अलावा भी अन्य मुद्दों को रखा गया।

## न्यूज डायरी

### बिल जमा करने के नाम पर ठगी

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** दियोरियाकलां निवासी सखावत खां पुत्र सलामतुल्ला ने पुलिस को तहरीर में बताया कि मीरपुर रतनपुर निवासी सफाई कर्मी ने अपने बेटे और विद्युत विभाग के संविदा कर्मी उज्जवल कश्यप के साथ मिलकर बिजली बिल निपटाने के नाम पर दिसंबर 2025 में अलग-अलग तारीखों पर 1.34 लाख रुपये ऑनलाइन, 2.13 लाख रुपये आफलाइन लिए। 16 लोगों के बिल निपटाने के नाम पर लिए गए कुल 3 .47 लाख रुपये वापस नहीं किए न ही बिल का सुधार कराया। रुपये मांगने पर एससीएसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### एसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला खैरुल्लाशाह निवासी रेहाना पत्नी मेराज हुसैन की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें पति को आरोपी बनाया गया है। महिला ने बताया कि उसके पति दिल्ली में सिलाई का काम करते हैं। उसके व बच्चों के लिए कभी कभार दो माह में खर्च भेज दिया करते थे। जरुरत पड़ने पर जब खर्च मांगती तो पति अभद्रता कर धमकाता। आरोप है कि पिता के मकान में अपना हिस्सा पति ने पड़ोस की महिला को बेच दिया और रुपये लेकर दिल्ली भाग गया। इस पर वह अपने पूर्व पति से जन्मे पुत्र अमन के साथ रहने लगी। अबअ आरोपी धमकी दे रहा है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### समिति के गन्ना क्रय केंद्र किए बंद

**बीसलपुर, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चल रहे डालमिया शुगर मिल निगोही के 10 क्रय केंद्र क्षेत्र का गन्ना खत्म होने पर शुक्रवार को केंद्र बंद कर दिए गए। समिति सचिव आरपी कुशवाहा ने बताया कि इन केंद्रों पर खरीदा गया सारा गन्ना संबंधित चीनी मिल को भिजवा दिया गया है। मिल अधिकारियों ने केंद्रों पर लगे कांटे हटवा दिए हैं। अब समिति क्षेत्र में कोई भी गन्ना केंद्र नहीं चल रहा है।

### गोमांस तस्कर को जेल भेजा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को गोकशी के मुकदमे में वांछित मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली निवासी सगीर उर्फ गोविंदा पुत्र नत्थू खां को बरेली मार्ग पर ग्राम मंडरा सुमन तिराहे के पास से पकड़ा। कोतवाल संजीव शुक्ला ने बताया कि आरोपी सगीर उर्फ गोविंदा पर जिले के विभिन्न जिलों में गोकशी समेत अन्य धाराओं में कुल 28 मुकदमें हैं। उसे कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

### स्टेट हेल्थ कार्ड बनना शुरू

**बीसलपुर, अमृत विचार :** सरकारी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्टेट हेल्थ कार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बनना शुरू हो गए। चिकित्सालय के आयुष्मान भारत योजना के संचालक सुशील कुमार ने बताया कि शासनादेश के तहत स्वास्थ्य, बाल विकास, शिक्षा समेत अन्य विभागों के स्थायी कर्मचारियों के स्टेट हेल्थ कार्ड एक अप्रैल से बनाए जा रहे हैं। लाभार्थी चिकित्सालय आकर कार्ड बनवा सकते हैं।



### पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

**बिलसंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक स्थित अटल सभागार में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा की विचारधारा,कार्यशैली और उसके सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। कार्यकर्ताओं से पार्टी के प्रति अच्छी सोंच रखते हुए पार्टी की विचारधारा को जनता तक पहुंचाने का आवाहन किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ ही कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय रहने का पाठ पढ़ाया। पार्टी की नीतियों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता,विक्रम नरेश जायसवाल,सुमित गुप्ता,अनुपम दीक्षित,रामेंद्र गोस्वामी,मो रेहान,भृगुराज सिंह,सौरभ शुक्ला,देवेंद्र पटेल,जसपाल सिंह,सियाराम आदि मौजूद रहे।

### मोबाइल शॉप संचालक पर हमला करने के मामले में एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम खरुआ के निवासी इंद्रजीत ने बताया कि उसका पुत्र जयदेव चूने वाली गली में मोबाइल शॉप चलाता है। तीन अप्रैल को दोपहर एक बजे कुछ लोगों की सामान को लेकर कहासुनी हो गई। गाली गलौज के बाद आरोपियों ने हमला कर पुत्र को पीट दिया। आरोप है कि सरिया मारकर घायल कर दिया। किसी तरह भागकर पुत्र ने खुद को बचाया। पुलिस ने मामले में कांशीराम कॉलोनी आवास विकास निवासी मोहन और अभय सक्सेना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### विधायक की पहल पर जर्जर पुल के लिए 17 करोड़ रुपये स्वीकृत

**पुवायां, अमृत विचार :** सिंघापुर के पास शारदा नहर पर बने जर्जर पुल के पुनर्निर्माण के लिए विधायक चेतराम की पहल पर करीब 17 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हो गई है। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े इस पुल को लेकर स्थानीय लोग और अधिवक्ता सुबोध कनैजिया लगातार मांग कर रहे थे, जिसके बाद विधायक ने शासन को पत्र भेजा। शासन की स्वीकृति के बाद सेतु निगम को निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू कराया जाएगा। पुल बनने से पुवायां, मोहम्मदी और गोला क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और लंबे रास्ते की समस्या खत्म होगी।

## शहर में आज

- सेलीब्रेशन बैंकट हॉल में महर्षि कश्यप जयंती पर कार्यक्रम सुबह 11 बजे से।
- सुमन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की ओर से आशीर्वाद बरात घर में कार्यक्रम सुबह 11 बजे से।
- गायत्री शक्तिपीठ में हवन सुबह 06 बजे से।
- समस्त पीएचसी पर जन आरोग्य मेला सुबह 09 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### रहस्यमय ढंग से युवक लापता, दी तहरीर

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे के वार्ड नंबर पांच मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी मोहनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र अरुन का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। पुत्र 28 मार्च को अचानक दोपहर बाद घर से कहीं चला गया और उसके बाद से कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक को हमला कर किया घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पौटाकलां के रहने वाले मोहम्मद नूर पुत्र अहमद हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 मार्च को दोपहर एक बजे उसका भतीजा शाहिल पुत्र अल्लाह नूर अपने बड़े बहनोई साजिद के साथ गाली गलौज कर रहा था। उसने अपने भतीजे से ऐसा करने से मना किया तो उसने अभद्रता की। कुछ देर बाद उसके पुत्र मोहम्मद अरवाज से मारपीट की गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### दहेज हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति ग्राम काजरबोझी निवासी वीरपाल पुत्र रामेश्वर दयाल को पुलिस ने शनिवार को अमखेड़ा मोड़ पर भट्टे के पास से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि बीते दिनों पत्नी की मौत के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी पति को जेल भेज दिया है।

### परिवार को भनक नहीं युवती को ले गए युवक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि तीन अप्रैल को वह घर पर बैठी थीं। 21 वर्षीय पुत्री को कई बार आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इस पर जब जाकर देखा तो पुत्री नदारद थी। इस पर जब दादी से पूछा तो पता चला कि पुत्री को मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी सत्यम भारद्वाज और आशुतोष को साथ ले जाते देखा था। घर पर रखे जेवरात भी ले गए। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूरनपुर में गेहूं खरीद समेत अन्य बिंदुओं पर सौंपा ज्ञापन



एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह को ज्ञापन देते भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ता।

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पूरनपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियाद सुन रहे एसडीएम अजीत प्रताप सिंह से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह की अगुवाई में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर सन्नाटा है। कहीं भी कोई खरीद नहीं हो रही है, जबकि गेंहू की कटाई जोरों से है। मजबूरन किसान अपनी फसल को आढ़तियों व नकली बीज संयंत्रों पर, खाद्यान्न माफियाओं के हाथ बेचने को मजबूर है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन तत्काल गेहूं खरीद केन्द्रों पर खरीद शुरू कराए अन्यथा आंदोलन करना पड़ेगा। पूरनपुर व कलीनगर तहसील क्षेत्र में हर वर्ष आगजनी की घटनाएं होती हैं। जिससे किसानों की हजारों हेक्टेयर क्षेत्र की फसलें जल कर राख होती रही हैं। आम जनमानस का भी आग लगने पर नुकसान होता रहा है। पूरनपुर में फायर स्टेशन का निर्माण तत्काल होना आवश्यक है। इस मौके पर बलजीत सिंह चीमा,सर्वेश कुमार वर्मा, निर्मल सिंह, बालकराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

### 14.33 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा बाघ-तेंदुआ के लिए अपना आशियाना

# कुछ और इंतजार...इसी माह बनकर तैयार हो जाएगा रेस्क्यू सेंटर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ-तेंदुए हिंसक होने के साथ व्यवहार में परिवर्तन एवं बीमार होने की दशा में भी उन्हें अपने आशियानों से दूर चिड़ियाघरों में नहीं रहना होगा। दरअसल, पूरनपुर रेंज के गोपालपुर वन प्रभाग में निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर इसी माह के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा। पिछले दिनों जनपद दौरे में आई प्रमुख सचिव ने कार्यदायी संस्था को हर हाल में इसी माह के अंत तक रेस्क्यू सेंटर का निर्माण पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसके बाद कार्यदायी संस्था द्वारा तेजी से कार्य कराया जा रहा है। संभवता मई में इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में बाघ एवं तेंदुओं के हिंसक होने के साथ उनके व्यवहार में परिवर्तन एवं बीमार या घायल होने की स्थिति में इलाज के लिए गोरखपुर, लखनऊ एवं कानपुर के चिड़ियाघरों में ले जाया जाता है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व बनने के बाद से अब तक करीब 11 बाघ-बाघिनों को रेस्क्यू करने के बाद बीमारी या अन्य कारणों से गोरखपुर, कानपुर एवं लखनऊ चिड़ियाघर भेजा जा चुका है। यह दीगर बात है कि इन सभी बाघों में एक भी बाघ या बाघिन घर वापसी नहीं कर सका। केंद्र सरकार ने समस्या को देखते हुए करीब चार साल पहले पीलीभीत टाइगर रिजर्व में रेस्क्यू सेंटर निर्माण को मंजूरी दी थी। वन एवं वन्यजीव प्रभाग पूरनपुर रेंज की गोपालपुर जंगल को उपयुक्त मानते हुए 05 हेक्टेयर भूमि पर रेस्क्यू पुनर्वास केंद्र (रेस्क्यू सेंटर) का निर्माण शुरू कराया गया था। करीब 14.33 करोड़ की लागत से बनने वाले इस रेस्क्यू पुनर्वास केंद्र का चार चरणों में कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2022-23 में शासन द्वारा प्रथम चरण के कार्य के लिए 4.72 करोड़ की धनराशि भेजी गई थी। प्रथम चरण में रेस्क्यू पुनर्वास केंद्र, खाद्य भंडार केंद्र, अस्पताल, टॉयलेट ब्लॉक, बाउंड्रीवॉल, सीवर लाइन आदि का कार्य किया गया था। दूसरे चरण में आवंटित 4.53 करोड़ से सब स्टेशन, गार्ड रूम, पोस्टमार्टम रूम आदि का निर्माण भी पूरा किया जा चुका है। बीते वर्ष कार्यदायी संस्था को तीसरे चरण के कार्य के लिए 4.83 करोड़ रुपये दिए गए थे। बीते जनवरी माह में शासन की ओर से कार्यदायी संस्था को अंतिम व चौथे चरण के कार्य के लिए 90.43 लाख रुपये की धनराशि दी गई थी। जिसके तहत ड्रेनेज, बायो सिक्योरिटी समेत अन्य कार्य कराए जा रहे हैं।



निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर में बनाए जा रहे आवास।



क्वारंटीन एप्रिन का कार्य पूरा होने के बाद मलबा हटाते श्रमिक।

- **प्रमुख सचिव वन ने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को जल्द पूरा करने के दिए थे निर्देश**

रेस्क्यू सेंटर में चौथे चरण के कार्य तेजी से चल रहे हैं। प्रमुख सचिव वन द्वारा निरीक्षण के दौरान अप्रैल के अंत तक कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए थे। अधिकांश कार्य पूरे भी हो चुके हैं। संभवता मई तक इसका संचालन भी शुरू कर दिया जाएगा। रेस्क्यू सेंटर बन जाने से पीटीआर के अलावा आसपास के टाइगर रिजर्वों को भी सहुलियत मिल सकेगी। **– मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर**, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

### उपकरण समेत अन्य संसाधनों को किया जाएगा इंस्टाल

बीते 26 मार्च को प्रमुख सचिव वन वी हेकाली झिमोमी ने निर्माणीधीन रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण करने के साथ ही कार्यदायी संस्था को अप्रैल के अंत तक हर हाल में कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए थे। इधर, प्रमुख सचिव वन से मिले निर्देशों के बाद कार्यदायी संस्था की ओर से तेजी से कार्य कराया जा रहा है। बताते हैं कि अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं। फिनिशिंग आदि का कार्य चल रहा है। अप्रैल तक कार्य पूरा होने के बाद इसमें उपकरण समेत अन्य संसाधनों को इंस्टाल किया जाएगा। संभवता मई में इसका संचालन भी शुरू करा दिया जाएगा।

# जंगली हाथियों की धमक बरकरार कर्नाटक से पहुंचे मॉनिटरिंग एक्सपर्ट

### डॉ. रुद्रादित्य ने वन कर्मियों व किसानों को बताए सुरक्षा के कारगर उपाय

- **पिछले तीन माह से माला रेंज में डेरा जमाए हैं दो जंगली हाथी लोगों में बढ़ती जा रही दहशत**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व से निकलकर रिहायशी इलाकों में दस्तक दे रहे जंगली हाथियों से निपटने के लिए अब वन महकमे ने कर्नाटक के प्रख्यात हाथी मॉनिटरिंग एक्सपर्ट डॉ. रुद्रादित्य को बुलाया है। मॉनिटरिंग एक्सपर्ट ने बीती रात हाथी प्रभावित इलाकों का दौरा करने के साथ वनकर्मियों समेत किसानों को हाथी भगाने के तकनीकी उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। फिलहाल मॉनिटरिंग एक्सपर्ट अभी जनपद में ही रहेंगे और हाथी प्रभावित इलाकों के किसानों को हाथियों के प्रति जागरूक करेंगे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला और महोफ रेंज के आसपास पिछले तीन माह से डेरा डाले दो जंगली हाथियों ने अब रिहायशी इलाकों की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। बीते तीन दिन से हाथियों की चहलकदमी पीलीभीत रेंज के मरौरी सेक्शन के अंतर्गत आने वाले गांव महुआ एवं सिरसा सरदहा के खेतों में देखी जा रही है, जिससे किसानों में खासा दहशत का माहौल है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने हाथियों की मॉनिटरिंग और उन्हें सुरक्षित तरीके से आबादी से दूर रखने के लिए विशेष प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में अब वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने कर्नाटक के प्रख्यात हाथी मॉनिटरिंग एक्सपर्ट डॉ. रुद्रादित्य को बुलाया है।



महुआ गांव में किसानों व वन कर्मियों को हाथियों को भगाने की तकनीक का प्रदर्शन करते मॉनिटरिंग एक्सपर्ट डॉ. रुद्रादित्य। ● अमृत विचार

पिछले तीन दिनों से ग्रामीणों से हाथियों के रिहायशी इलाकों के करीब आने की सूचना मिल रही थी। कर्नाटक के विशेषज्ञ डॉ. रुद्रादित्य के साथ हमारी टीम लगातार क्षेत्र में गशत कर रही है। किसानों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है और हाथियों को जंगल की र वापस भेजने के लिए सभी जरूरी तकनीकी उपाय अपनाए जा रहे हैं। **–भरत कुमार डीके**, डीएफओ, वन एवं वन्यजीव प्रभाग

### हाथी प्रभावित इलाकों का किया दौरा

कर्नाटक से आए प्रख्यात हाथी मॉनिटरिंग एक्सपर्ट डॉ. रुद्रादित्य ने शुक्रवार रात पीलीभीत रेंज के स्टाफ के साथ हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने टीम के साथ उन क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया, जहां हाथियों की मौजूदगी की लगातार सूचना मिल रही थी। इस दौरान डॉ. रुद्रादित्य ने वन कर्मियों और स्थानीय किसानों को हाथी भगाने के तकनीकों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि हाथियों को बिना उत्तेजित किए कैसे मानवीय हस्तक्षेप से दूर रखा जा सकता है। इस दौरान उन्होंने खेतों पर हाथियों को भगाने की विशेष तकनीक का भी प्रदर्शन किया।

## हाईवे किनारे घायल मिला अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीलीभीत-गजरौला मार्ग पर शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब माला मोड़ के पास एक विशालकाय अजगर घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर उपचार के बाद जंगल में छोड़ दिया।

शनिवार सुबह करीब 10 बजे राहगीरों ने पीलीभीत वन रेंज के अंतर्गत पिपरिया कठिना नदी के पुल के पास एक अजगर को देखा। अजगर के शरीर पर चोट के निशान थे और वह हिलने-डुलने में असमर्थ दिख रहा था। हाईवे पर अजगर होने की खबर फैलते ही वहां राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। इस बीच स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने सावधानीपूर्वक अजगर को रेस्क्यू कर लिया। वन अफसरों ने बताया कि अजगर को रेस्क्यू करने के बाद उसका प्राथमिक उपचार किया गया। स्वस्थ पाए जाने पर टीम ने उसे माला वन क्षेत्र के सुरक्षित क्षेत्र में ले जाकर छोड़ दिया है।

# नियम तोड़ दौड़ रही बसों पर हुई कार्रवाई, मची खलबली



चेकिंग करते एआरटीओ और सीओ यातायात। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** नियमों को धता बताकर सड़कों पर दौड़ाई जा रही बसों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस और परिवहन विभाग ने कार्रवाई की। तीन बसों को सीज किया गया जबकि अन्य के चालान किए गए।

बता दें कि लंबे समय से अमरिया और जहानाबाद क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से बसों का संचालन किया जा रहा है। इससे जुड़ी तमाम शिकायतें पहले भी होती रही है। मगर, उन पर शिकंजा नहीं कसा जा सका था। कई बार अधिक सवारी भरने से हादसे भी हो चुके थे। फिलहाल शनिवार को इसे लेकर अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, सीओ यातायात विधिभूषण मौर्य ने थाना पुलिस के साथ अभियान चलाया गया। इस दौरान बसों की जांच की गई। तीन बसें परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए संचालित होती मिली। कुछ बसें नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी थी। तीन बसों को सीज कर अमरिया थाने में निरुद्ध किया गया। साथ ही सम्मन शुल्क अधिरोपित किया गया। नो पार्किंग पर खड़ी हुई वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। चेतावनी दी गई कि भविष्य में परमिट शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 10 दिनों में अलग-अलग मार्गों पर अनाधिकृत बसों की चेकिंग अभियान में 17 बसों के विरुद्ध चालान और सीज की कार्यवाही करते हुए 2.40 लाख रुपये प्रशमन शुल्क वसूला जा चुका है।

# 38 खातों में संदिग्ध लेनदेन उजागर, 3.87 करोड़ से अधिक धनराशि फ्रीज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **बाबूगिरी करते हुए चपरासी इल्हाम ने गबन कर खूब ठिकाने लगाई सरकारी रकम**
- **चार सदस्यीय टीम कर रही विवेचना, प्रतिदिन अफसर कर रहे पर्यवेक्षण, बढ़ेगी मुश्किल**

**अमृत विचार :** जिम्मेदारों की शह पर डीआईओएस कार्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से बाबूगिरी कर रहे चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी द्वारा किए गए सरकारी धन के गबन के मामले में पुलिस की ओर से बड़ा एक्शन लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने 38 संदिग्ध खातों में 3.87 करोड़ से अधिक का लेनदेन पकड़ा। ऐसे में कार्रवाई करते हुए फिलहाल धनराशि फ्रीज करा दी गई है। पुलिस मासमले को गंभीरता से लेते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई है। ऐसे में अब लंबे समय से मामले को दबाने की चर्चाओं पर भी विराम लगा। वहीं, कईयों की गर्दन फंसती दिखाई दे रही है।

बता दें कि बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में चपरासी पद पर तैनात इल्हाम उर्रहमान शम्सी पर विभागीय अधिकारी सालों मेहरबान रहे। उसे मूल पद पर काम कराने के बजाय डीआईओएस दफ्तर में अटैचमेंट के नाम पर बाबूगिरी कराई जाती रही।

इसकी कई शिकायतें हुई लेकिन उसको ठंडे बस्ते में डाल दिया गया या फिर मामले में एक्शन नहीं लिया। बीते दिनों एक मामला बैंक के अधिकारियों के द्वारा पकड़ा गया। इल्हाम उर्रहमान शम्सी की पत्नी अर्शी खातून के खाते में 12 सितंबर 2024 से कुल 98 ट्रांजेक्शन में एक करोड़ से अधिक की रकम स्थानांतरित की गई थी। जिस पर उसका खाता फ्रीज कर दिया गया था। ये रकम डीआईओएस कार्यालय के शिक्षक मद से स्थानांतरित हुई थरी। जिसे फर्जीव कूटरचित तरीके से वेतन मद से बेनिफिशियरी गलत तरीके से बनाकर ट्रेजरी के माध्यम से एनईएफटी के द्वारा आहरण एवं वितरण कर गबन किया गया था। इल्हाम चपरासी होने के बावजूद डीआईओएस कार्यालय में बाबूगिरी करते हुए वेतन बिल और टोकन जनरेशन का काम सालों से संभालता रहा।

उसके व पत्नी अर्शी के खिलाफ 13 फरवरी को डीआईओएस राजीव कुमार की ओर से एफआईआर कराई गई। पत्नी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया था, जबकि इल्हाम को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई। दर्ज की गई रिपोर्ट की विवेचना कराई जा रही है।

इसमें अब पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और अब तक 38 खतों में संदिग्ध वित्तीय लेनदेन चिन्हित किया जा चुका है। इन खातों में 38702568 (तीन करोड़ सतासी लाख दो हजार पांच सौ अठसठ ) रुपये की धनराशि को फ्रीज कराते हुए कार्रवाई तेज कर दी गई है।

### जेएफएम इंफ्राहोम को 90 तो ओरिका होम्स बरेली के खाते में भेजे 17.18 लाख रुपये

पुलिस की विवेचना में ये भी सामने आया है कि इल्हाम उर्रहमान शम्सी द्वारा अपने रिश्तेदार व पत्नी के खाते से जेएचएम इंफ्राहोम प्राइवेट लिमिटेड बरेली के खाते में 90 लाख और ओरिका होम्स बिल्डर बरेली के खाते में 17 .18 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए। यह तथ्य भी पुलिस के सामने आए हैं। इसे लेकर अग्रिम कार्रवाई चल रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि सरकारी धनराशि का गबन करते हुए इल्हाम उर्रहमान शम्सी ने प्रापर्टी में भी काफी रकम ठिकाने लगाई।

### नोटिस जारी, रकम से की छेड़छाड़ तो होगी कार्रवाई

जिन खातों में पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान संदिग्ध लेनदेन पकड़ा गया है। उनकी रकम फ्रीज कराने के साथ ही संबंधित खाता धारकों को विवेचक की ओर से नोटिस भेजे गए हैं। जिसमें स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि अगर खाते में आई रकम से छेड़छाड़ की गई तो सख्त कानूनी कार्रवाई तय है। इसी के तहत खाते में आई रकम के संबंध में भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई कराई जा रही है।

# शुरू नहीं हो सका ठोकरें बनाने का काम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिले के समस्त तहसीलों में माह के पहले शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील तहसील में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अगुवाई में फरियादियों को सुना गया।

क्रांतिकारी विचार मंच के प्रांतीय संरक्षक देव स्वरुप पटेल की अगुवाई में काफी ग्रामीण पहुंचे और डीएम को दुखड़ा सुनाया। बताया कि देवहा नदी में आई बाढ़ से कृषि भूमि एवं आबादी में कटान हो गया था। इससे सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेहरी, नावकूड़, सुस्वार, सैजना प्यास, बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ललौर गुजरानपुर, रसूला, अहिरवाड़ा आदि में नुकसान हुआ। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के निर्देश पर ठोकरें पिचिंग बनवाने के लिए प्रस्ताव बनवाकर शासन में भेजे गए। आरोप है कि स्वीकृति के बाद भी अभी तक देवहा नदी से कटान रोकने को ठोकरे बनने का कार्य बाढ़ खंड द्वारा शुरू नहीं किया गया है। डीएम ने मामले का तत्काल निस्तारण कराने का आश्वासन भी दिया।



डीएम को समस्या से अवगत कराते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### 33 में महज सात शिकायतों का किया निस्तारण

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अगुवाई में सदर तहसील में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 33 प्रार्थना-पत्र प्राप्त आए। इनमें से सिर्फ 07 शिकायतों का निस्तारण किया जा सका। डीएम ने कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण करें। एसपी सुकीर्ति माधव, सीएमओ डॉ.आलोक कुमार, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की गाड़ी से कुचली बिल्ली तो ग्रामीणों ने रोका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **नोकझोंक के बाद की नारेबाजी लोगों को बमुश्किल कराया शांत**

**अमृत विचार :** डायल 112 की गाड़ी से कुचलकर बिल्ली की मौत के बाद हंगाामा हो गया। ग्रामीण गुस्साकर पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। पुलिस के वाहन को घेरकर चालक पर लापरवाही से चलाने का आरोप लगा दिया। काफी देर तक नारेबाजी की गई। हालांकि बाद में किसी तरह समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया गया।

घटना गजरौला क्षेत्र के गांव सिरसा सरदाह में शुक्रवार रात करीब 10 बजे की है। बताते हैं कि डायल 112 की गाड़ी गश्त नपर थी। इस दौरान पहिए से दबकर बिल्ली की मौत हो गई। कुछ ही देर में ग्रामीण जमा हो गए और पुलिस वाहन को आगे बढ़ने से रोक दिया। आरोप था कि वाहन चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। देखते ही देखते लोगों की नाराजगी बढ़ गई और उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। तैनात पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलने पर गजरौला थाना से अतिरिक्त पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को शांत कराया जा सका। इसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया।

## प्रेम विवाह से नाराज लोगों ने किया हमला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** युवती के प्रेम विवाह करने से नाराज कुछ लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की। घटना जहानाबाद क्षेत्र के एक गांव की है। बताते हैं कि युवती ने गांव के ही युवक से दो वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था। इसी बात को लेकर गांव के कुछ लोग रंजिश मानते हैं। शुक्रवार शाम करीब छह बजे आरोपी गाली-गलौज करते हुए उसके घर में घुस आए। विरोध करने पर उन्होंने हमला कर दिया। आरोप है कि छेड़छाड़ भी की गई। बचाने पहुंचे पति और सास को भी पीटा। मारपीट के दौरान पति का मोबाइल भी कहीं गिर गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# माला नदी पर मंडराते खतरों पर एसएमसीजी ने तलब की रिपोर्ट


कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **डीएम ने डीएफओ पीटीआर, एसडीएम सदर व पीसीबी बरेली से सप्ताह भर में रिपोर्ट देने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण मानी जाने वाली माला नदी की बिगड़ती स्थिति पर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन ने नदी के स्वास्थ्य और इसके अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरों को लेकर डीएम/अध्यक्ष जिला गंगा समिति से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। इस पर डीएम ने पीटीआर प्रशासन और संबंधित विभागों को माला नदी के स्वास्थ्य परीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

जनपद की माला नदी प्रमुख नदियों में शुमार है। यह नदी उत्तराखंड की सीमा से पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल से बहती हुई लगभग 25 किलोमीटर का हिस्सा कवर करती है।

जनपद में नदी संरक्षण की दिशा में जिम्मेदारों द्वारा कोई ठोस प्रयास न किए जाने से वन्यजीवों के लिए जीवनदायिनी कहीं जाने वाली माला नदी धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोती जा रही है। जंगल क्षेत्र से होकर गुजरने वाली माला नदी पूर्व में जैव विविधता के लिहाज से अपना एक अलग स्थान रखती थीं। बताते हैं कि पूर्व में इस नदी की झीलों के आसपास ही वन्यजीव मंडराते रहते थे, मगर अब यहां अधिकांश झीलें या तो सूख चुकी है या फिर सूखने के कगार पर पहुंच चुकी है। इन झीलों में रहने वाले जलीय जीव-जंतु भी नाममात्र ही बचे हैं। वहीं खेतों में सिंचाई के नाम पर नदी का जल दोहन किया जा रहा है। इधर माला नदी की बिगड़ती स्थिति पर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर जोगिंदर सिंह ने नदी के स्वास्थ्य और इसके अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरों को लेकर डीएम/अध्यक्ष जिला गंगा समिति ज्ञानेंद्र सिंह से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।



पीटीआर से गुजरती माला नदी।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा जारी पत्र में माला नदी को टाइगर रिजर्व की लाइफलाइन बताया गया है। लगभग 25 किलोमीटर के दायरे में बहने वाली इस नदी को लेकर इसके अस्तित्व पर मंडराते खतरों पर गंभीर चिंताएं जताई गई हैं। पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि माला नदी की यह विनाशकारी स्थिति इतनी गंभीर है कि इसे स्वयं प्रदेश की राज्यपाल द्वारा भी औपचारिक रूप से संज्ञान में लिया गया है।

उन्होंने जिला प्रशासन से नदी की वर्तमान हाइड्रोलॉजिकल और पारिस्थितिक स्थिति, अतिक्रमण और अवैध निर्माण को हटाने के लिए अब तक उठाए गए कदम एवं नदी के पुनरुद्धार के लिए तत्काल और दीर्घकालिक योजना के संबंध में रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है।

पत्र में रिपोर्ट को तैयार करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन्यजीव प्रभाग और प्रभागीय वनाधिकारी पीटीआर को आपस में समन्वय करने और तकनीकी सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। इधर डीएम/अध्यक्ष जिला गंगा समिति ज्ञानेंद्र सिंह ने इसको लेकर प्रभागीय वनाधिकारी पीटीआर, एसडीएम सदर एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बरेली के क्षेत्रीय अधिकारी को पत्र भेजा है। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि वे एक सप्ताह के भीतर नदी की वर्तमान स्थिति, अतिक्रमण के विरुद्ध कार्ययोजना और दीर्घकालिक बहाली के उपायों पर विस्तृत रिपोर्ट सौंपें।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर महिला पर हमला, सिर फूटा

**भीरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव निवासी निर्मला ने बताया कि शाम करीब 7 बजे उसके जेठ, देवर और उनकी पत्नियां उसके घर में घुस आए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में निर्मला के सिर फूट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोप है कि छुटकनी, गुड्डी, राजाराम और नेता आए दिन उसे और उसके बच्चों को गाली-गलौज करते हैं। जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। साथ ही घर से भगाने की कोशिश भी करते हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रिश्तेदारों पर मारपीट का आरोप

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव हसनापुर ओयल निवासी राकेश कुमार ने बताया कि मुकेश और उसकी पत्नी गुड्डी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान लाठी-डंडों से हमला किया गया, जिससे उसके सिर में चोट आई। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई विकास कुमार को सौंपी है।

### खेत पर कब्जे की कोशिश में किया जानलेवा हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर क्षेत्र के बालूडीहा गांव निवासी राहुल वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने खेत पर पहुंचा तो उसने देखा कि बाबूराम और उसके बेटे संतोष, रोशन, नीलू, विशाल, नीरज समेत परिवार के अन्य सदस्य खेत में नींव खोद रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया, तो सभी ने मिलकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में सिर पर गंभीर चोट आई। आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई गौरव कुमार को सौंपी है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

### मामूली विवाद में भाई ने भाई को पीटा

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना नीमगांव के गांव जम्हौरा निवासी गुड्डू ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम करीब 8:30 बजे वीरेंद्र ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में गुड्डू को गंभीर चोटें आईं और उसका सिर फट गया। घायल ने यूपी 112 पुलिस को कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया, लेकिन आरोप है कि पुलिस के जाने के बाद आरोपी ने फिर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। नीमगांव पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

# वीडियो से खुला राज, जांच की दिशा बदली

## पुलिस को अभी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार, रविवार को कर सकती है घटना का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर से सटे गांव सुआगाड़ा में 17 वर्षीय अंश कुमार झा की गोली लगने से हुई मौत का मामला अब नया मोड़ लेता दिखाई दे रहा है। घटना से जुड़ा एक वायरल वीडियो सामने आने के बाद राज खुलकर सामने आ गया है। हालांकि पुलिस फिलहाल कुछ भी स्पष्ट कहने से बच रही है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम लखनऊ में कराया गया है, लेकिन रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, साक्ष्यों और बयानों के आधार पर ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वायरल वीडियो को लेकर पुलिस खुलकर कुछ भी बोलने से बच रही है, लेकिन इतना जरूर माना जा रहा है कि इस वीडियो ने घटना से जुड़े कई पहलुओं से पर्दा हटाने का काम किया है।

घटना के बाद तरह-तरह की आशंकाएं और चर्चाएं सामने आ रही थीं, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद तस्वीर कुछ हद तक साफ होती नजर आ रही है। वीडियो में अंश छत पर खड़ा है और खुद तमंचे से फायर करने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है। इसी दौरान अचानक गोली चल जाती है और सीधे उसके पेट में जा लगती है। यह दृश्य पूरे मामले को हादसे की ओर इशारा करता है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। इसके बावजूद पुलिस बेहद सतर्क रुख अपनाए हुए है।

अधिकारी किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों को पुख्ता करने में जुटे हैं। पुलिस का कहना है कि मृतक का पोस्टमार्टम लखनऊ में कराया गया है, लेकिन रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों और परिस्थितियों पर अंतिम मुहर लग सकेगी। पुलिस वीडियो की सत्यता, घटना स्थल की परिस्थितियों और मौके पर मौजूद अन्य युवकों की भूमिका की भी गहनता से जांच कर रही है। यह भी देखा जा रहा है कि घटना के बाद क्या समय पर मदद दी गई या कहीं लापरवाही तो नहीं हुई। इधर, परिजनों का दर्द अब सवालों में बदलता जा रहा है। उनका मानना है कि अगर समय रहते सही कदम उठाए जाते, तो शायद अंश की जान बचाई जा सकती थी।

वहीं स्थानीय लोगों के बीच भी इस घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। फिलहाल पूरे मामले की सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पर टिकी है। माना जा रहा है कि रिपोर्ट आने के बाद पुलिस इस मामले में बड़ा खुलासा कर सकती है। हालांकि नामजद दो आरोपी पुलिस की हिरासत में हैं। जिनसे पुलिस दूसरे दिन भी पूछताछ कर रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि पुलिस रविवार को पूरी घटना का खुलासा कर सकती है।



साजिश या लापरवाही, सच छिपाने में गई अंश की जान

दोस्तों और अस्पताल की भूमिका पर उठे सवाल, रील बनाने के चक्कर में तो नहीं गई जान, गोली को पटाखा बता छिपाई सच्चाई

अमृत विचार में छपी खबर की पीडीएफ।

- अमृत विचार ने पहले ही जताई थी रील बनाने के दौरान गोली लगने की आशंका

> मृतक अंश के शव का पोस्टमार्टम लखनऊ में हुआ था, जिसकी रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। रिपोर्ट आने पर वायरल वीडियो, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही साफतौर पर कुछ कहा जा सकता है। वायरल वीडियो की दिशा में भी जांच तेज कर दी गई है।
>
> **-राजेश कुमार सिंह,** शहर कोतवाल।

### अंश की मौत का यह है पूरा मामला

सुआगाड़ा निवासी छात्र अंश कुमार झा 30 मार्च की शाम करीब आठ बजे अपने गांव के ही दोस्त शुभम कुमार और नितिन सिंह मिक्कू के साथ घर से निकला था। देर रात उसने फोन पर परिजनों को बताया कि वह लखनऊ में एक दोस्त की मां का इलाज कराने आया है। अगले दिन सुबह घर लौटने की बात कही। अगले दिन सुबह बताया कि लखनऊ से लौट रहा है। उसी दिन दोपहर ढाई बजे बात हुई तो उसने बताया कि उसकी तबीयत खराब होने के कारण शहर के छाउछ स्थित जनशक्ति हॉस्पिटल में भर्ती है। परिजनों का आरोप है कि जब वे अस्पताल पहुंचे तो अंश के साथ मौजूद उसके दोस्त शुभम कुमार और नितिन सिंह मिक्कू सहित डॉक्टर ने सही जानकारी नहीं दी। पूछने पर बताया कि वह पटाखे से झुलस गया है। उसी का इलाज चल रहा है। 31 मार्च की रात हालत गंभीर होने पर अंश को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया, जहां एक्सरे जांच में सामने आया कि उसके पेट में गोली लगी है। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ती गई और दो अप्रैल की सुबह उसकी मौत हो गई थी।

# क्यूआर कोड स्कैन कराकर लोगों से की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पलियाकलां में पकड़ा गया था आरोपी विवेक
- जनसेवा केंद्र व दुकानदारों को बनाया निशाना

**अमृत विचार:** जिले में क्यूआर कोड के जरिए ठगी करने वाले शातिर आरोपी ने अलग-अलग मामलों में कई लोगों को ठग लिया। साइबर थाना पुलिस ने तीन मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहला मामला पलिया कलां क्षेत्र का है। गांव पतवारा निवासी अर्पित कुमार ने बताया कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा की बीसी पतवारा में चलाता है। घटना 10 मार्च की है। सुबह करीब 10:44 बजे एक युवक आया और हॉस्पिटल में भुगतान का झांसा देकर QR कोड स्कैन कराया और दो बार में 25 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। पैसे ट्रांसफर होते ही आरोपी भागने लगा, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान विवेक पुत्र संतराम निवासी थाना पढुआ क्षेत्र के रूप में हुई, जिसके पास से मोबाइल और बाइक भी बरामद हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी और उसकी बाइक को कब्जे में लिया। इसी तरह शहर कोतवाली के गणेशनगर निवासी दुकानदार सुधीर गुप्ता से 31 मार्च 2026 को आरोपी ने 30 हजार रुपये ठग लिए। वहीं जनसेवा संचालक अभिषेक कुमार से भी 1 मार्च 2026 को 20 हजार रुपये की ठगी की गई। चौंकाने वाली बात यह है कि सभी मामलों में आरोपी एक ही तरीका अपनाता था। वह पहले भरोसा जीतकर क्यूआर कोड स्कैन कराता और नकद देने का झांसा देकर मौके से फरार हो जाता था। तीनों पीड़ितों ने साइबर क्राइम पोर्टल और साइबर थाना लखीमपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

साइबर पुलिस का मानना है कि आरोपी अकेला नहीं, बल्कि किसी बड़े गिरोह का हिस्सा हो सकता है। ऐसे में पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने की कोशिश की जा रही है। सीओ सिटी विवेक तिवारी ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर क्यूआर कोड स्कैन कर पैसे ट्रांसफर न करें और सतर्क रहें।

# रंजिश के चलते घर में घुसकर हमला, दो घायल

संवाददाता, मझगईं

- बांका लेकर पहुंचे आरोपियों ने की मारपीट

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव कोठिया में पुरानी रंजिश को लेकर युवकों ने घर में घुसकर मारपीट की। मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

गांव कोठिया निवासी रामनरेश ने बताया कि शुक्रवार को गांव के ही पूरन लाल, उसका पुत्र अमित, अंकुल और अमर सिंह बांका लेकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर हमला बोल दिया। हमले में रामनरेश के भाई श्रीराम और भतीजे करन को आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से बेरहमी से पीटा। श्रीराम के सिर, हाथ और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं, वहीं करन भी घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।



घायल श्रीराम।

पीड़ित का आरोप है कि एक दिन पहले 2 अप्रैल को भी आरोपियों ने विवाद कर मारपीट की थी। उन्होंने बताया कि विपक्षी दबंग किस्म के हैं और आए दिन झगड़ा करते रहते हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

# गांव बाछेपारा में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, कई लोग घायल

- ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुई कहासुनी ने लिया हिंसक रूप
- रास्ते में रोककर युवक पर हमला गांव में दहशत व तनाव

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचार:** नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव बाछेपारा में गन्ने के खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक टकराव में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट शुरू हो गई। इस खूनी संघर्ष में 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई को गंभीर चोटें आई हैं। घटना से गांव में अफरातफरी मच गई। तनाव को देखते हुए पुलिस भी सतर्क हो गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खूनी संघर्ष की शुरुआत गन्ने के खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर कहासुनी हुई थी, लेकिन थोड़ी ही देर में मामला बिगड़ गया और दोनों पक्षों के लोग एकत्र होकर भिड़ गए। इस दौरान जमकर लाठियां चलीं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग सहम गए। घटना के बाद एक पक्ष के अनिल पुत्र राजाराम ने आरोप लगाया कि उनके बेटे जितेंद्र के साथ मारपीट की गई, जिससे उसे जान बचाकर मौके से भागना पड़ा और उसकी बाइक वहीं छूट गई।



घायलों को अस्पताल ले जाती एंबुलेंस।



खूनी संघर्ष में घायल युवक।

विवाद यहीं नहीं थमा, बल्कि और उग्र हो गया। आरोप है कि इसके बाद जितेंद्र पक्ष के लोगों ने गांव निवासी राघवेंद्र पुत्र श्रीकृष्ण को रास्ते में उस समय रोक लिया, जब वह बेहजम जा रहे थे। इस दौरान महेंद्र, रामनिवास सहित कई लोगों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में राघवेंद्र के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। इस दौरान राघवेंद्र पक्ष के भी तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। इससे दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते जमकर लाठियां चलने लगीं। इससे गांव में दहशत व्याप्त हो गई। लोग इधर-उधर भागने लगे।



संघर्ष में घायल युवक।



खूनी संघर्ष में घायल युवक।



संघर्ष में घायल युवक।

इस हिंसक झड़प में एक पक्ष से महेंद्र पुत्र राजाराम, जितेंद्र कुमार पुत्र अनिल कुमार, अनिल पुत्र राजाराम और रामनिवास पुत्र राजाराम घायल हुए हैं, जबकि दूसरे पक्ष से शिवा, विनोद, सोमू, राघवेंद्र उर्फ भोलू और मुदित समेत कई लोग जख्मी हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को किसी तरह नियंत्रित किया। पुलिस की सक्रियता से हालात और बिगड़ने से बच गए। सभी घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है।



पिटाई के बाद सड़क पर बेसुध पड़ा युवक।

एसओ प्रवीर गौतम ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर एक-दूसरे पक्ष के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना के पीछे के कारणों और जिम्मेदार लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए एहतियातन पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है।

# आग लगने से किसान को लाखों का नुकसान

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचार:** जटपुरा वन क्षेत्र के पूरनपुर गांव के पास जंगल में लगी आग से कृषक सुखदेव सिंह का पांच हॉर्स पावर का मोटर और सिंचाई के लिए रखी लाखों रुपए की पाइप जलकर खाक हो गई। मौके पर पहुंचे फॉरेस्टर ने मुआयना कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।

पूरनपुर निवासी सुखदेव सिंह ने बताया कि शाम को जंगल में आग लग गई, जिससे आग जंगल के किनारे लगी जाली के नीचे से होते हुए ट्यूबवेल के पाइपों तक जा पहुंची, जिससे पाइप जलने लगी। आग के लपटें उठती देखकर घर के लोग जान पाए कि पाइप जल रही है। जब तक घर के सदस्य वहां पहुंचे तब तक पाइप जल चुकी थी। किसी तरह ट्यूबवेल से पानी चलाकर उस पर काबू पाया। परंतु तब तक देर हो चुकी थी। पाइप व पांच हॉर्स पावर की मोटर जलकर खाक हो चुकी थी। लगभग तीन हेक्टेयर खेत की सिंचाई के लिए रखा गया पाइप जल गया है, जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि सुखदेव सिंह ने तीन हेक्टेयर खेत में स्प्रिंकल विधि से सिंचाई के लिए मोटर व पाइप की व्यवस्था की थी।



जले हुए पाइप दिखाते सुखदेव सिंह। ● अमृत विचार

जटपुरा बीट के फॉरेस्टर राजाराम तिवारी ने बताया कि जंगल में सफाई के लिए आग नहीं लगाई गई थी। कई बार स्थानीय लोग जंगल के अंदर प्रवेश कर जाते हैं और बीड़ी इत्यादि पीने लगते हैं। ऐसे में सूखी पत्तियों ने आग पकड़ लिया होगा, इसी से यह आग फैल गई थी।

# वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौके पर मौत

संवाददाता, मितौली

- मितौली-बड़ागांव मार्ग पर हादसा, पहचान न होने से बढ़ी पुलिस की चुनौती

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के मितौली-बड़ागांव मार्ग पर छोटा सेमरावां के पास शनिवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही दम तोड़ बैठे।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को संभाला। दोनों मृतकों के पास कोई पहचान पत्र न मिलने के कारण उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है, जिससे पुलिस के सामने पहचान स्थापित करने की चुनौती खड़ी हो गई है।

थाना प्रभारी महेश पाठक ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान के लिए आसपास के थानों और गांवों में संपर्क किया जा रहा है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश के लिए जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है, ताकि हादसे के जिम्मेदार वाहन का पता लगाया जा सके।

# 108 गैस सिलेंडर चोरी होने से बिगड़ी सप्लाई व्यवस्था, उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, पलिया कलां

- लाइन में जनता, किल्लत ने बढ़ाई रसोई की टेंशन
- बुकिंग के कई दिन बाद भी नहीं मिल पा रही गैस

**अमृत विचार:** रसोई गैस की बढ़ती किल्लत के बीच 108 गैस सिलेंडरों की चोरी ने हालात को और गंभीर बना दिया है। पहले से ही सीमित आपूर्ति के कारण जूझ रहे उपभोक्ताओं की परेशानी अब बढ़ गई है। सुबह से ही गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने कई दिन पहले गैस बुकिंग कराई थी, लेकिन अब तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो सकी है। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिन्हें रोजमर्रा के भोजन की व्यवस्था करने में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गोदाम से इतनी बड़ी संख्या में सिलिंडरों की चोरी का सीधा असर सप्लाई चेन पर पड़ा है। पहले जहां एक-दो दिन की देरी होती थी, अब स्थिति यह है कि एक हफ्ते तक भी गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इससे लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

कई उपभोक्ताओं ने बताया कि मजबूरी में उन्हें महंगे दामों पर वैकल्पिक ईंधन का सहारा लेना पड़ रहा है। छोटे होटल, ढाबे और चाय की दुकानों पर भी इसका असर साफ दिखाई देने लगा है, जहां गैस की कमी के चलते कामकाज प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन एक ओर गैस आपूर्ति को सुचारु रखने के दावे करता है, लेकिन दूसरी ओर इतनी बड़ी चोरी की घटना ने व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि चोरी गए सिलिंडरों की जल्द से जल्द बरामदगी हो और आपूर्ति व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए।

# लाखों का सामान और आठ बकरियां लील गई बैरिया गांव में लगी आग

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** थाना पढुआ के गांव बैरिया में शनिवार दोपहर बाद भीषण अग्निकांड ने तबाही मचा दी। उत्तर मोहल्ले में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और 24 घरों को अपनी चपेट में लेकर राख कर दिया। इस घटना में जहां लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई, वहीं आठ बकरियां जिंदा जल गईं। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

आग दोपहर के समय अचानक आग लगी। उस वक्त तेज हवा चल रही थी, जिसने आग को और भड़का दिया। देखते ही देखते लपटें एक घर से दूसरे घर तक फैलती चली गईं और पूरा मोहल्ला आग की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने तुरंत 101 नंबर पर कॉल कर दमकल को सूचना देने की कोशिश की, लेकिन नंबर नहीं लग सका, जिससे स्थिति और भयावह हो गई। हालात बेकाबू होते देख पढुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में कांस्टेबल कृष्ण कुमार, राशिद चौधरी, गेंदा लाल, बसंत तिवारी और अन्य पुलिसकर्मी ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक 24 घर जलकर राख हो चुके थे।



अग्निकांड में जला घर व मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण। ● अमृत विचार

- आग से 24 घर जले, लाखों की संपत्ति, अनाज व गृहस्थी जलकर राख ग्रामीणों और पुलिस ने आग पर पाया काबू

अग्निकांड में लोगों का राशन, कपड़े, नकदी, घरेलू सामान और खेती-किसानी के उपकरण जलकर राख हो गए। कई लोगों की बैलगाड़ी भी आग की भेंट चढ़ गई। वहीं अलग-अलग परिवारों की आठ बकरियां आग में जल गईं, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ है।

घटना के बाद राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। कानूनगो शशि तोमर और लेखपाल सोनम जायसवाल ने नुकसान का जायजा लिया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार असलम, अनवर, जमींदार, फैजुल हसन, समसुल, दानिश, चसमुद्दीन, राधे, शेखचिल्ली, सलामु, मुनव्वर, नौशाद, अय्यूब, जमील, वशीम, कमालू, गुलाम, लाल मोहम्मद समेत 24 लोगों के घर इस अग्निकांड में जलकर नष्ट हो गए। इनमें कई कच्चे मकान पूरी तरह खत्म हो गए, जबकि कुछ पक्के मकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना के बाद गांव में मातम और अफरा-तफरी का माहौल है। प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं और प्रशासन से राहत व मुआवजे की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# सोनौरा में भीषण अग्निकांड, पांच घर राख

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचार:** नीमगांव थाना क्षेत्र के सोनौरा गांव में शनिवार दोपहर अचानक आग ने देखते ही देखते पांच घरों को चपेट में लेकर राख कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग की शुरुआत गांव के एक छप्परनुमा घर से हुई, जहां से उठी चिंगारी ने कुछ ही मिनटों में पड़ोस के मकानों को भी गिरफ्त में ले लिया। लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं और धुएं का गुबार पूरे इलाके में छा गया। अग्निकांड में गांव निवासी जगदीश भार्गव, अजय भार्गव, राम सिंह, भूरे टेलर समेत अन्य परिवारों के घर व घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर, जरूरी दस्तावेज और नकदी आग की भेंट चढ़ गई।

पीड़ित परिवारों का कहना है कि उनके पास पहनने के कपड़े तक नहीं बचे, वे खुले आसमान के नीचे रहने को विवस हैं। आग लगने पर महिलाएं बच्चों को लेकर घरों से बाहर भागती नजर आईं, जबकि पुरुष आग बुझाने के लिए पानी, बाल्टी और मिट्टी का सहारा लेते रहे। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर काफी देर तक आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन प्रयास बेअसर साबित हुए। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम पहुंची।




आग बुझाता फायर ब्रिगेड का कर्मचारी। ● अमृत विचार

दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दमकल थोड़ी देर और लेट होती तो पूरा गांव चपेट में आ सकता था। बच्चों और महिलाओं में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत सामग्री, मुआवजा और रहने की व्यवस्था की मांग की है।

# आग से कई बीघा गेहूं की फसल जली

**मैगलगंज, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के छोटी चौखड़िया गांव में गेहूं के खेत में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। खेतों से उठती लपटें देख ग्रामीण शोर मचाते हुए मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के झोंकों ने आग को और भड़का दिया। देखते ही देखते कई खेत आग की चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से खेतों की जुताई शुरू कर दी ताकि आग का फैलाव रोका जा सके। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी में किसान रोहित का करीब 15 बीघा गेहूं और एक बीघा गन्ने का बीज जल गया। कृष्णपाल का करीब 8 बीघा गेहूं राख हो गया। आग बुझाने के दौरान कई ग्रामीण मामूली रूप से झुलस गए। लेखपाल मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन शुरू किया। प्रभावित किसान प्रशासन से मुआवजे की उम्मीद लगाए हुए हैं।

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify
Tredmark Clinic



★ पतले-दुबले
★ गाल पिचके
★ कमजोर स्त्री-पुरुष
★ मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

**चिकित्सा जानकारी**
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# सांस्कृतिक मंच पर नन्हीं प्रतिभाओं ने जीता दिल

## ऐतिहासिक चैती मेलाः जूनियर वर्ग की गायन और नृत्य प्रतियोगिताओं ने बांधा समां

- नृत्य और गायन में अल्तमश खान रहे प्रथम

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला के सांस्कृतिक मंच पर नृत्य, गायन में भाग लेने वाले पुरस्कृत प्रतिभागियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार



गोला के सांस्कृतिक मंच पर नृत्य करती नन्हीं बालिका।



चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर रिकार्डिंग गीत पर नृत्य करती बालिका।

**अमृत विचारः** छोटी काशी में चल रहे ऐतिहासिक चैती मेले के सातवें दिन सांस्कृतिक मंच पर जूनियर वर्ग की गायन व नृत्य प्रतियोगिताओं ने समां बांध दिया। गीत-संगीत की प्रस्तुतियों पर दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे। निर्णायक मंडल ने अल्तमश खान को प्रथम, वंशिका को द्वितीय और आध्या वर्मा को तृतीय स्थान प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आदर्श नगर पंचायत मैलानी की अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, कार्यक्रम अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य शिवनंदन वर्मा, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक नत्थूलाल अवस्थी, रोडवेज कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, दीपक मिश्रा व पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को पालिकाध्यक्ष ने पुरस्कृत किया और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नगर के सामाजिक संगठन, कोचिंग संस्थान, व्यापारी संगठन और आमजन के सहयोग से ऐतिहासिक चैती मेला दिन-प्रतिदिन और अधिक भव्य होता जा रहा है। मुख्य अतिथि कीर्ति माहेश्वरी ने कहा कि पालिका प्रशासन एक परिवार की तरह कार्य कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप मेला निरंतर भव्यता हासिल कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन संजीव दीक्षित ने किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत आर्यन गुप्ता के अभिनय-गीत डांस का भूत से हुई। इसके बाद उपास्ती डे ने हरे राम हरे राम, कृष्णा कृष्णा हरे राम, इकमजीत सिंह ने मैं निकल गड्डी लेके, रस्ते में एक मोड़ आया, शिवओम तिवारी ने कोई दे न सहारा दे, श्लोक गुप्ता ने हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है, अभी चौधरी ने ऐसी लागी लगन और अल्तमश खान ने मैं हवा हूं, कहां वतन मेरा जैसे गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूनियर वर्ग (आयु सीमा 15 वर्ष तक) की गायन प्रतियोगिता के निर्णायक सुनील यादव और कपिलश फाउंडेशन की अध्यक्ष शिप्रा खरे रहीं। संयुक्त निर्णय में अल्तमश खान प्रथम, वंशिका द्वितीय और आध्या वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं।

**इन्होंने किया प्रतिभागः** नृत्य और गायन में आकृति गुप्ता, कृतिका जायसवाल, परिधि गुप्ता, आध्या, परी साहनी, आर्यमान दीक्षित, समृद्धि, रसमीत कौर, सानविका अवस्थी, आकांक्षा वर्मा, उन्नति वर्मा, परी वर्मा, अनुष्का वर्मा, आनवी पटेल, संस्कृति, श्रुति कीर्ति तिवारी, अभ्युिक्त वर्मा, अलीशा सोंधी, वंशिका, रश्मीत कौर लाम्बा, मग्गू, इकमजीत सिंह, अनंत गुप्ता, कृति वर्मा, मनु श्री, परिधि मिश्रा, मैसब, काव्या श्रीवास्तव, आयुषी वर्मा, शिवी देवी, ओजस्वी मिश्रा, रिसिका मिश्रा, अभिनन्दन सिंह आदि।

**चैती मेला में आज :** छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर 5 अप्रैल रविवार को सीनियर गायन प्रतियोगिता सायं सात बजे से।



मेला कोतवाली में सीसीटीवी कैमरे से सुरक्षा देखते रविंद्र पांडे। ● अमृत विचार

### पूर्व मेला प्रभारी रहे रविंद्र कर रहे मेले की सुरक्षा

**गोला गोकर्णनाथ।** चैती मेले में लगे 36 सीसीटीवी का मॉनीटर मेला कोतवाली में लगाया गया है, जिस पर गोला में रहे पूर्व मेला प्रभारी रविंद्र पांडे निगरानी कर रहे हैं। मेला मैदान के प्रत्येक प्वाइंट पर एक उप निरीक्षक और चार सिपाहियों की तैनाती की गई है। मेले मे कोई गडबडी न होने पाये इसके लिये मेला प्रभारी क्राइम इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह की अगुवाई में लखीमपुर पुलिस लाइन से विशेष ड्यूटी पर मेले में आये रविन्द्र कुमार पांडे हर आधे घंटे के अन्तराल में पुलिस बल के साथ गस्त करते रहते हैं। पूर्व मेला प्रभारी रहे रविन्द्र कुमार पांडे सीसीटीवी कैमरो की स्क्रीन के सामने बैठकर नजर रखते हैं। साथ ही एनाउन्समेन्ट के जरिये लोगो को निर्देशित करते रहते हैं।

## ऑपरेटर की मनमानी से जलापूर्ति ठप

**झंडी, अमृत विचारः** ग्राम पंचायत मुड़ा बुजुर्ग में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी की टंकी अब ग्रामीणों के लिए राहत नहीं, बल्कि परेशानी का कारण बनती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ऑपरेटर की मनमानी से पेयजल सप्लाई बेपटरी हो चुकी है। इससे करोड़ों रुपये की लागत से बनी यह योजना जमीनी स्तर पर फेल होती नजर आ रही है और टंकी सफेद हाथी साबित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जलापूर्ति का कोई निश्चित समय नहीं है। ऑपरेटर नसीम खान अपनी मर्जी से कभी भी पानी छोड़ देता है, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित होती है। कई बार सुबह-शाम के तय समय पर भी पानी नहीं आता, जिससे महिलाओं और बच्चों को दूर से पानी लाना पड़ता है। आरोप है कि ऑपरेटर शिकायत करने वालों से अभद्र व्यवहार करता है और रौब दिखाने से नहीं चूकता। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है।ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य हर घर नियमित और स्वच्छ पानी पहुंचाना है, लेकिन मुड़ा बुजुर्ग में यह योजना पूरी तरह बेपटरी दिख रही है। स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि ऑपरेटर की मनमानी पर रोक लगाई जाए, जलापूर्ति का समय निर्धारित किया जाए और योजना को सही तरीके से संचालित कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उधर, जब पंप ऑपरेटर नसीम खान से बात की गई तो उसने कुछ भी कहने से साफ मना कर दिया।

# परिषदीय विद्यालयों में बांसुरी से गूंजेंगी कक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पढ़ाई के साथ बच्चों की रचनात्मकता को मिलेगा नया आयाम

**अमृत विचारः** अमृत विचारः परिषदीय विद्यालयों में अब पढ़ाई के साथ बच्चों की रचनात्मकता को भी नया आयाम मिलने जा रहा है। नए शैक्षिक सत्र से कक्षा 3 और 4 के विद्यार्थियों को पहली बार कला विषय की पुस्तक बांसुरी उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल जिले समेत पूरे उत्तर प्रदेश में लागू की जा रही है, जिससे लाखों बच्चों को कला के विविध क्षेत्रों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

अब तक प्राथमिक विद्यालयों में कला और संगीत की पढ़ाई बिना निर्धारित पाठ्य पुस्तक के होती थी, लेकिन इस बदलाव के बाद शिक्षण अधिक व्यवस्थित और प्रभावी होगा। बांसुरी पुस्तक के माध्यम से विद्यार्थियों को दृश्यकला, संगीत, नृत्य और रंगमंच जैसे चार प्रमुख क्षेत्रों से जोड़ा जाएगा। पुस्तक के प्रत्येक अध्याय में क्यूआर कोड दिया गया है, जिसे स्कैन कर छात्र-छात्राएं अतिरिक्त शैक्षणिक सामग्री तक पहुंच सकेंगे। साथ ही विद्यालयों में समय-समय पर कला विशेषज्ञों को आमंत्रित कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शिक्षण व्यवस्था के तहत कला विषय के लिए न्यूनतम 100 घंटे निर्धारित किए गए हैं। इसमें दृश्यकला, संगीत, नृत्य और रंगमंच के लिए 20-20 घंटे तय किए गए हैं, जबकि शेष समय अनुभवात्मक गतिविधियों के लिए रखा गया है। सप्ताह में चार नियमित कक्षाओं के साथ शनिवार को एक विशेष कक्षा का भी प्रावधान किया गया है।

पुस्तक में विद्यार्थियों को रेखांकन, चित्रकला, कागज शिल्प और मिट्टी के कार्य जैसी गतिविधियों से परिचित कराया जाएगा। वहीं संगीत के अंतर्गत विभिन्न भाषाओं के गीत, ताल और लय की जानकारी दी जाएगी। नाटक के माध्यम से बच्चों को अभिनय और अभिव्यक्ति के कौशल सिखाए जाएंगे। शिक्षकों का मानना है कि इस पहल से बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और सामूहिक कार्य करने की भावना विकसित होगी। साथ ही वे अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति भी अधिक जागरूक बनेंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह नई व्यवस्था पढ़ाई को रोचक बनाने के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# राकिशसं ने की बकाया गन्ना भुगतान की मांग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- जनपद के थानों में मिल अधिकारियों पर दर्ज रिपोर्ट में लगाई जाए चार्जशीट
- राकिशसं के प्रदेश अध्यक्ष ने लखनऊ में गन्ना आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



लखनऊ में गन्ना आयुक्त को ज्ञापन देन जाते किसान नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिले की बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की गोला गोकर्णनाथ, खंभारखेड़ा और पलिया कलां में स्थित चीनी मिलों के पेराई सत्र 2025-26 के खरीदे गन्ने का पेराई सत्र समाप्त होने के बाद भी भुगतान नहीं दिया गया। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने अपने साथियों के साथ गन्ना आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर दर्ज रिपोर्टों में चार्जशीट लगवाने की मांग की है।

पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने गन्ना समिति गोला के पूर्व चेयरमैन सुरेशचंद्र वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार के साथ प्रदेश की गन्ना आयुक्त को ज्ञापन देकर किसानों को बकाया गन्ना भुगतान कराने और चीनी मिल अधिकारियों के विरुद्ध 29 अगस्त 2025 को थानों में दर्ज मुकदमों में चार्जशीट लगवाने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में लिखा है कि जिले की बजाज ग्रुप की चीनी मिलों के लगभग साढ़े चार महीने मिलें चलने के बावजूद गन्ना किसानों का भुगतान महज 15 दिन का ही दिया गया है। चीनी मिलें चीनी, शीरा, बैगास, प्रेसमड, इथेनॉल और पोटाश बनाकर बिक्री कर रही हैं।

भुगतान के लिए गन्ना खरीद का 14 दिन में भुगतान करने का प्रावधान है। किन्तु जिले के संबंधित अधिकारियों की उदासीनता कहें या साठगांठ से चीनी मिलों के अधिकारियों पर दर्ज एफआईआर में आपके आदेशों को दरकिनार कर गन्ना भुगतान न कराकर किसानों से यह कहकर कि चीनी की बिक्री का 85 प्रतिशत धन एस्क्रो अकाउंट में भेजा जा रहा है, कहकर पल्ला झाड़ लिया जा रहा है।

जिले के गन्ना अधिकारी चीनी मिलों से हाथ मिलाकर किसानों का शोषण कर रहे हैं, जिससे किसानों को भुगतान समय पर न मिलने से भुखमरी के कगार पर है। उन्होंने बकाया भुगतान कराने और अधिकारियों पर दर्ज मुकदमों में चार्जशीट लगवाने की मांग की है।

# सीमा स्तंभों के सर्वे व पुनर्स्थापन पर बनी रणनीति

- एसएसबी व सर्वे ऑफ इंडिया की संयुक्त बैठक में अहम निर्णय
- विलुप्त व विवादित सीमा स्तंभों को चिह्नित करने पर सहमति

संवाददाता, पलिया कलां



एसएसबी सभागार में बैठक करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा और प्रबंधन को और सुदृढ़ बनाने को लेकर 39वीं वाहिनी एसएसबी के सभागार में सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीमा स्तंभों के सर्वे, मरम्मत और पुनर्स्थापन को लेकर चर्चा की गई और कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में एसएसबी कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, द्वितीय कमान अधिकारी माधव चन्द्र घोष तथा उप-कमांडेंट (प्रचालन) विजयेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सर्वे ऑफ इंडिया की ओर से आत्रेय ज्ञान, आदर्श राय, अमित मौर्य, विकास श्रीवास्तव और विक्रम कुमार सहित सर्वेक्षक दल ने भाग लिया। चर्चा के दौरान विलुप्त हो चुके सीमा स्तंभों और उन पर हुए अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। एसएसबी अधिकारियों ने जानकारी दी कि एनएमएल क्षेत्र में 6 स्थान ऐसे हैं जहां नेपाली नागरिकों द्वारा अतिक्रमण किया गया है और वहां के सीमा स्तंभ पूरी तरह विलुप्त हो चुके हैं, जिससे वे विवादित श्रेणी में आ गए हैं।

दोनों पक्षों ने सहमति जताई कि इन स्थानों को भारत और नेपाल के सर्वे विभागों के आपसी समन्वय से चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर पुनर्स्थापित किया जाएगा। सर्वे ऑफ इंडिया की टीम ने भी इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन सीमा स्तंभों पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही जो नदी या झील के बहाव क्षेत्र में हैं। ऐसे स्तंभों को भी भूमि सीमा स्तंभों की श्रेणी में शामिल करते हुए उनके सटीक चिन्हांकन और पुनर्स्थापन की रणनीति बनाई गई। बैठक में तय किया कि सर्वे कार्य 6 अप्रैल 2026 से सीमा चौकी सोनहा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 734/05 से शुरू किया जाएगा।

इस प्रस्ताव पर दोनों पक्षों ने सहमति जताई। बैठक भारत-नेपाल सीमा पर बेहतर समन्वय स्थापित करने, विवादित और विलुप्त सीमा स्तंभों को पुनः स्थापित करने तथा सीमा प्रबंधन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## दो इंस्पेक्टरों की तैनाती छह निरीक्षक बदले

**लखीमपुर खीरी।** कानून व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए एसपी ने अपराध निरीक्षक पद पर प्रतीक्षारत दो इंस्पेक्टरों को तैनाती दी है। 6 अपराध निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले हैं। पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार पांडेय को सदर कोतवाली, यूपी 112 से विनय सिंह को अपराध निरीक्षक के पद पर कोतवाली तिकुनिया भेजा है। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि अपराध निरीक्षक इंस्पेक्टर गंगा प्रसाद यादव को कोतवाली गोला, गोला से संतोष कुमार को कोतवाली निघासन, शारदानगर से इंसाफ अली को थाना फरधान, मझगईं से आलोक कुमार सिंह को थाना पसगवां, मैगलगंज से अखिलेश गंगवार को थाना मितौली, दिनेश तिवारी को निघासन से मैलानी अपराध निरीक्षक बनाया है।

# कुम्भी चीनी मिल में 162.17 लाख क्विंटल गन्ना पेरा, पेराई सत्र संपन्न

संवाददाता, बग्घून

- कुम्भी चीनी मिल ने 162.17 लाख क्विंटल गन्ना पेरकर पेराई सत्र का किया समापन

**अमृत विचारः** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की इकाई कुम्भी द्वारा वर्तमान सीजन में 162.17 लाख क्विंटल गन्ना पेरकर पेराई सत्र का समापन कर दिया है।

कुंभी चीनी मिल के इकाई प्रमुख डॉ. सुनील कुमार यादव ने बताया कि इस पेराई सत्र के दौरान चीनी मिल ने कुल 155 दिनों में एक करोड़ 62 लाख 17 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। सत्र 2024-25 में 149 दिन मिल चली थी तब 157.78 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई हुई थी। पेराई सत्र के दौरान किसानों द्वारा की गई गन्ने की आपूर्ति के लिए सभी कृषकों का आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर मिल के सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। उप महाप्रबंधक गन्ना चन्द्रहास विकल ने किसानों को अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुवाई हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि सभी किसान स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की ही बुवाई करें तथा जिन कृषकों को गन्ना बीज की आवश्यकता हो वे तत्काल चीनी मिल के अधिकारियों या फील्ड स्टाफ से सम्पर्क करें।

# अलग महिला प्रसाधन कक्ष बनवाने की मांग

- महिला वकीलों ने सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री को दिया प्रार्थना पत्र
- बार संघ महामंत्री ने कहा वह पहले ही सीडीओ को इस संबंध में करवा चुके अवगत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला तहसील में बार संघ के पदाधिकारियों को पत्र देतीं महिला अधिवक्ता।

**अमृत विचारः** तहसील गोला में विधि व्यवसाय कर रहीं महिला अधिवक्ताओं ने सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महामंत्री को संयुक्त रूप से प्रार्थना पत्र देकर एक अलग महिला प्रसाधन कक्ष बनवाए जाने की मांग की है।

शनिवार को तहसील की महिला अधिवक्ताओं ने सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकुमार गौतम, महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि तहसील परिसर में महिला अधिवक्ताओं के लिए एक साफ सुथरा वॉशरूम शौचालय नहीं है, जिस कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और गंदे शौचालय के कारण महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। पत्र सौंपकर उन्होंने बार संघ कार्यालय के समीप एक अलग महिला प्रसाधन बनाए जाने की मांग की है।

महामंत्री संदीप अवस्थी ने बताया है कि बार प्रत्येक अधिवक्ताओं के हित में कार्य कर रही हैं। कहा कि महिलाओं के प्रार्थना पत्र आने से पूर्व ही वह मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार को पत्र भेजकर इस समस्या से अवगत कराया था। रजनी सिंहा, खदीजा जमाल, रिहाना अंसारी, मिथिलेश कुमारी आदि महिला अधिवक्ता मौजूद रहीं।

## खेत जोतकर फसल नष्ट करने का आरोप

**धौरहरा, अमृत विचारः** कस्बा के तिवारिन टोला निवासी महिला ने कुछ लोगों पर खेत जोतकर फसल नष्ट करने और विरोध पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित गोमती पुत्री गुरुप्रसाद वाल्मीकि ने बताया कि उसकी भूमि गाटा संख्या 2937, रकबा 0.162 हेक्टेयर मौजा धौरहरा में है, जिस पर उसका कब्जा चला आ रहा है। भूमि को लेकर मामला तहसीलदार न्यायालय धौरहरा में विचाराधीन है। आरोप है कि गुरुवार रात सीतापुर जिले के लालकुर्ती क्षेत्र निवासी रेनू पत्नी धर्मराज व राजकुमार जबरन खेत में घुस आए और खड़ी गन्ना व सरसों की फसल जोतकर नष्ट कर दी, जिससे उसे काफी नुकसान हुआ। पीड़िता का कहना है कि जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष रविन्द्र सोनकर ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# बारिश को लेकर गेहूं की कटाई प्रभावित

संवाददाता, मूड़ा सवारान/गोला गोकर्णनाथ



खेतों में गेहूं की कटाई करते किसान। ● अमृत विचार

- कभी धूप तो कभी बारिश वाला बना हुआ है मौसम
- आसमान पर छाए बादल, किसान हुए परेशान

**अमृत विचारः** मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव की वजह से किसानों की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल को काटना शुरु कर दिया है। ऐसे में आसमान में छाए बादल अन्नदाताओं की बेचौनी बढ़ा रहे हैं।

शनिवार को दोपहर तक खुलकर धूप निकली। दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए, तेज हवाएं चलने लगीं। मौसम में आए बदलाव के कारण खेतों में काम की रफ्तार अचानक तेज हो गई। ऐसे में हर कोई खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को जल्दी से जल्दी अपने घर सुरक्षित लाने की जुगत में लगा है। शनिवार को किसानों ने अपने अन्य कार्यों को स्थगित कर सीधे खेतों की ओर रुख किया। खेतों में कहीं कटाई जारी रही तो कहीं मडाई का काम तेजी से निपटाया जा रहा है।

किसान फसल को जल्द सुरक्षित करने की कोशिश में जुटे हैं। पिछले कुछ दिनों से मौसम के लगातार बदलने की वजह से किसानों की चिंता अधिक बढ़ गई है। क्षेत्र के किसान विजयपाल, मोहनलाल, संजय कुमार, सेवकराम, सुखविंदर सिंह, तोताराम, श्रीपाल, रामखेलावन आदि ने बताया कि खेतों में गेहूं की कटाई जोरों पर चल रही है। ऐसे में मौसम का स्थिर रहना बेहद आवश्यक होता है। ऐसी स्थिति में अगर हल्की भी बारिश हो जाती है और हवा चलती है तो नुकसान हो सकता है। खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल खराब हो जाएगी।

# पलिया में डीएम-एसपी ने सुनीं 68 शिकायतें, 7 का निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवसः अधिकारियों को जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश


पलिया के संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याएं सुनतीं डीएम और एसपी। ● अमृत विचार


सीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों को आवास की चाबियां देने के दौरान डीएम, एसपी आदि। ● अमृत विचार

- राजस्व विभाग के 43, पुलिस के 9, विकास के 3, नगरपालिका के 2, पूर्ति विभाग का एक और अन्य विभागों के 7 प्रार्थना पत्र शामिल रहे

### लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम, एसपी सहित अधिकारियों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपी गईं।

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें नगर व तहसील क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। डीएम एसपी ने 68 फरियादियों की एक एक कर समस्याएं सुनीं, जिसमें से सात का मौके पर ही निस्तारण कर दिया।

समाधान दिवस के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतुष्टिपरक समाधान किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस में कुल 68 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

इनमें राजस्व विभाग के 43, पुलिस के 9, विकास के 3, पूर्ति विभाग के 2, नगरपालिका का एक और अन्य विभागों के सात प्रार्थना पत्र शामिल रहे। प्राप्त शिकायतों में से सात का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान कुकिंग गैस से संबंधित समस्याओं को लेकर सबसे अधिक फरियादी पहुंचे। मोहल्ला किसान द्वितीय निवासी दिव्यांग शालिनी गुप्ता ट्राईसाइकिल से पहुंचीं और सुविधाएं न मिलने की शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष रखी। इस मौके पर सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, एसडीएम पलिया डॉ. अवनीश कुमार, तहसीलदार ज्योति वर्मा सहित सभी तहसील स्तरीय अधिकारी व क्षेत्रीय थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### फंदे से लटका मिला महिला का शव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सीतापुर जिले के थाना रामपुर क्षेत्र के गांव मंझइया निवासी शिव कुमार ने अपनी 27 वर्षीय बेटी रोली की शादी तीन साल पहले सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव पनगी खुर्द निवासी मोहन लाल के बेटे अजय कुमार के साथ की थी। बताते हैं कि शुक्रवार की दोपहर रोली का शव घर के अंदर कमरे में फंदे से लटकते पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका अपने पीछे दुधमुही बच्ची छोड़ गई है।

### जहर खाने से महिला की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना पढ़ुआ क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी गांव रायपुर निवासी राजेश की 30 वर्षीय पत्नी रजनी देवी ने शुक्रवार की शाम किसी कारण जहर खा लिया। परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो आनन-फानन में रजनी को जिला अस्पताल लेकर पहुंचते, इससे पहले ही महिला की रास्ते में मौत हो गई।

### शांति भंग करने के मामले में दो गिरफ्तार

**रोशननगर, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना अध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ शांति भंग करने के मामले मे दो लोगों शिवम कुमार, सत्यम वर्मा निवासी जमुनहां को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में थाना फरधान क्षेत्र के पचपेड़वा गांव निवासी सौरभ (25), दनियारपुर गांव निवासी तोताराम (40) गम्भीर घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव बैदाखेड़ा निवासी सर्वजीत सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उनके चाचा सरनाम सिंह 31 मार्च शाम 7.30 बजे साइकिल से गोला जा रहे थे। अलियापुर गांव के पास बाइक सवार ने गलत साइड में आकर टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उन्हें रेफर कर दिया। उनका लखनऊ में इलाज चल रहा है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में एक शिकायत का निस्तारण

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 प्रार्थना पत्र आए, जिनमें मौके पर केवल एक शिकायत का ही समाधान किया जा सका। समाधान दिवस में राजस्व एवं आपदा की 22, पुलिस की चार, संयुक्त जांच की दो, खाद एवं रसद, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, विद्युत विभाग की एक एक शिकायत आई, जिनमें अधिकारी खाद एवं रसद विभाग की केवल एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण कर सके। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को लंबित शिकायतों को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। सीओ रमेश कुमार तिवारी, तहसीलदार भीमचंद, नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह सहित तहसील स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।


गोला के संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनतीं एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी। ● अमृत विचार

# मैगलगंज में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

- विधायक सौरभ सिंह सोनू बोले- संगठन ही सबसे बड़ी ताकत
- जुगुल किशोर ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, विचारधारा पर जोर

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचारः** कस्बे के एक गेस्ट हाउस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सौरभ सिंह सोनू ने संगठन की मजबूती को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा देने का माध्यम है। वरिष्ठ नेता जुगुल किशोर ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण और निरंतर सक्रियता के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, आगामी चुनावी रणनीतियों और जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर चेयरमैन राजेंद्र मिश्रा, रविंद्र पाल वाजपेयी, रामकुमार गुप्ता, मनोज वर्मा, अमित सिंह, अमरनाथ मिश्रा, आलोक शुक्ला, ज्योतिर्मय बरतरिया, आदित्य प्रताप सिंह, कमल बिहारी गुप्ता, श्यामकिशोर तिवारी पग्गू, जिला पंचायत सदस्य दिनेश गुप्त, नरेंद्र मिश्रा, राममोहन गुप्ता, अनिल राठौर, अमृतेश अवस्थी, दिलीप शर्मा, अंकुर गुप्ता, शिव गुप्ता, सुवांशिक विश्वकर्मा, सर्वेश सिंह आदि रहे।


कार्यक्रम में मंच पर मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

# तेज आंधी-बारिश और ओलों ने बदला मौसम

- खेतों में खड़ी फसलको लेकर किसानों की बढ़ी चिंता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में शनिवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ले ली। दिन भर गर्मी के बाद शाम होते-होते तेज धूल भरी आंधी चली, जिसके साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई, जिससे मौसम पूरी तरह ठंडा हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई।दिन में जहां अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं आंधी और बारिश के बाद तापमान में तेजी से गिरावट आई और यह करीब 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गईं और बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए बाधित रही।

उधर, गोला गोकर्णनाथ में चल रहा ऐतिहासिक चैती मेला भी इस अचानक बदले मौसम की चपेट में आ गया। तेज आंधी और बारिश के चलते मेले में लगे दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई अस्थायी दुकानें और टेंट क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा। मेले में आए लोगों को भी सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा।

सबसे ज्यादा असर खेतों में खड़ी फसलों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। इस समय जिले में चना, मसूर और सरसों और तिलहनी फसलें तैयार हैं। ओलावृष्टि व तेज हवाओं से इन फसलों को नुकसान पहुंचेगा। जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरने का खतरा मंडराने लगा है। खासकर सरसों की फसल जो कटाई के कगार पर है, उसके गिरने से दानों के झड़ने की आशंका है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह रहा या दोबारा ओलावृष्टि हुई तो फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे मौसम पर नजर बनाए रखें और कटाई योग्य फसलों को जल्द से जल्द सुरक्षित करने का प्रयास करें। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण इस तरह का बदलाव देखने को मिला है। अगले एक-दो दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, जिससे लोगों और किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है।


शहर में देर शाम होती बारिश। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### दुकान का शटर तोड़कर नगदी सहित सामान चोरी

**केशवापुर,अमृत विचार :** गोला कोतवाली क्षेत्र के गांव खम्हौल स्थित नेशनल हाईवे से भल्लिया बुजुर्ग मोड़ पर बनी दुकानों में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर काटकर नगदी सहित हजारों का सामान चुरा लिया है। सौठन गांव निवासी ललित कुमार त्रिपाठी की हाइवे पर भल्लिया मोड़ के पास परचून की दुकान है। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर तीन हजार की नकदी सहित 13 किग्रा रिफाइंड पैकेट, 14 किग्रा सरसों तेल की बोतलें और दो बोरी चावल निकाल ले गए। पड़ोस की सोने चांदी की दुकान सत्य ज्वैलर्स के पीछे की दीवार को तोड़ने का भी प्रयास किया, जिसमें चोर असफल रहे। शनिवार सुबह नौ बजे जब श्री त्रिपाठी अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो शटर टूटा व सामान बिखरा देख होश उड़ गये। सूचना पर आयी गोला पुलिस ने अपना क्षेत्र मानने से ही इनकार कर दिया। मौके पर एकत्र ग्रामीणों ने गोला क्षेत्र होने की पुष्टि की, तब गोला पुलिस ने तहरीर लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। लोगों के अनुसार गोला पुलिस को अपने क्षेत्र की जानकारी न होना चिंताजनक है। जब गोला पुलिस इसे अपना क्षेत्र नहीं मानती तो इस समूचे क्षेत्र की सुरक्षा भगवान भरोसे ही चल रही थी।

### चैती मेला में झूला कर्मचारी के साथ की गई मारपीट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** ऐतिहासिक चैती मेला की शुरुआत 28 मार्च शनिवार से हुई। मेले में विभिन्न प्रकार के झूले, खेल तमाशा लगे हैं, जिनमें इन दिनों काफी भीड़ हो रही है। शुक्रवार रात कुछ लोगों ने झूला झूलने को लेकर झूला कर्मचारी से मारपीट कर दी, जिसमें झूला कर्मचारी गंभीर घायल हो गया, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार दोपहर झूला संचालक द्वारा झूला हटाने को लेकर झूले में लोगों के बैठने के लिए लगाई गई डोलियां निकाल ली गई है। बाद में लोगों के मान मनोव्वल के बाद झूला चालू करवाया गया। मौजूद लोगों का कहना है कि कुछ लोग झूले में निकासी द्वार से जाने की जिद कर रहे थे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और नौबत मारपीट तक आ गई। झूला के कर्मचारियों का आरोप है कि 15 से 20 लोगों ने टिकट बांट रहे लड़को से मारपीट की है। इस दौरान उनका मोबाइल भी कहीं गायब हो गया।

### गांव बिझौली के लोगों में बाघ की दहशत बरकरार

**बिझौली,अमृत विचार :** महेशपुर रेज के गांव बिझौली में रात को बाघ के गांव में घुस आने से ग्रामीण भयभीत हैं। वनकर्मियों को सूचना देने के बाद भी कोई वनकर्मी गांव नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में रोष है। महेशपुर रेंज की बिलहरी बीट के अंतर्गत बिझौली और लखैया गांव के बीच मे जायका का जंगल हैं, जिसमें इन दिनों बाघ का आतंक चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी बाघ देखे जाने की बात सुनकर भी दोपहर तक गांव में नहीं पहुंचे हैं। वन विभाग के रवैये के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। गांव में वन विभाग के अधिकारी देखने तक नहीं आये हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द बाघ को पकड़ा जाए नहीं तो बाघ किसी को भी अपना शिकार बना सकता है। बिझौली निवासी चंदन सिंह, बलबीर राज ने बताया कि शुक्रवार की रात गांव के किनारे होते हुए निकल कर बाघ गया है, जिसके पग चिन्ह अभी भी बने हैं।

### गन्ना बोने गए युवक से मारपीट

**धौरहरा, अमृत विचार :** कस्बा धौरहरा के मोहल्ला कोरियाना निवासी बब्बूलाल ने बताया की रात करीब 9 बजे वह ग्राम मौल्ही मजरा जुगुनपुर में अपने खेत पर गन्ना बोने गया था। इसी दौरान गांव के ही भूरा व गोपवंद पुत्रगण कपूर और कपूर पुत्र सुखरू महावत ने रंजिशन उसे घेर लिया और गंदी गालियां देते हुए मारापीटा जिससे उसे काफी चोटें आई। शोर सुनकर उसकी भतीजी हालिमा और भाई सचिन बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इस दौरान भतीजी के सिर में गंभीर चोट आई है। आरोप है कि जाते समय हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष रविन्द्र सोनकर ने बताया प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल सात और आठ को

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मुलायम सिंह यादव की स्मृति में दो दिवसीय राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल सात व आठ अप्रैल दोपहर दो बजे से शाम 6 बजे तक पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित राजेंद्र गिरि स्टेडियम में होगा। आयोजक जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक विनय तिवारी और अध्यक्षता पूर्व एमएलसी शशांक यादव करेंगे।

### सफाई नहीं होने से गांव रायपुर के लोग चिंतित

**संवाददाता, बिलहरी, अमृत विचार :** गोला तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर में जगह जगह कूडे.के अम्बार लगे होने से ग्रामीण परेशान हैं। नालियां टूटी फूटी होने से सड़कों पर नालियां का गंदा पानी भर जाता है, जिससे लोगों को संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा रहता है। रायपुर के सद्दाम, बबलू राजा, इरफान, राजू आदि ने बताया कि गांव में कई हफ्ते से सफाई नहीं हुई है। यदि सफाई कर्मी आता भी है तो वह प्रधान के मोहल्ले में सफाई करके चला जाता है। पूरे गांव में सफाई नहीं होती है। सफाई न होने से गांव में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुये हैं, जिसके चलते मच्छर जनित रोग पैदा होने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने प्रधान से लेकर ब्लाक के अधिकारियों से पूरे गांव में नियमित सफाई कराने की मांग की, किंतु किसी ने ध्यान नहीं दिया है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं।

# 71 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ, गूंजे मंगल गीत, बजी शहनाई

- भाजपा जिलाध्यक्ष सहित प्रबुद्धजनों ने दिया आशीर्वाद
- हनुमान मठिया सेवा समिति ने कराया सामूहिक विवाह

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** हनुमान मठिया सेवा समिति के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों से आए 71 जोड़ों ने एक-दूसरे को अंगूठी व जयमाला पहनाकर तथा अग्नि को साक्षी मानते हुए जीवन भर साथ निभाने की शपथ ली। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता सहित संभ्रांत नागरिकों, परिजनों व रिश्तेदारों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

हनुमान जन्मोत्सव के पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत पहले दिन भव्य शोभायात्रा, दूसरे दिन बालाजी की चौकी व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। तीसरे दिन आयोजित सामूहिक विवाह में नगर व जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए वर-वधुओं ने पहले पुरानी बाजार स्थित हनुमान मठिया पहुंचकर बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। इसके बाद रामलीला मेला मैदान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से विवाह संपन्न हुआ। हनुमान मठिया के पुजारी पंडित मयंक अवस्थी व कानपुर से आए पंडित सोमनाथ अग्निहोत्री ने वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न कराया। समिति की ओर से प्रत्येक नवदंपति को बेड, अलमारी, पंखा, डिनर सेट, बर्तन, वस्त्र, आभूषण, घड़ी, मेवा व मिष्ठान आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान समिति के प्रमुख सेवादार मानवेंद्र वाजपेई मानू, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा, संजय गुप्ता बराती, सुधीर गुप्ता, मनीष गुप्ता आदि मौजूद रहे। बाद में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, महामंत्री राकेश कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह, पालिकाध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता समेत कई जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।


सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद वर-वधू। ● अमृत विचार


समारोह में मौजूद वर वधुओं के परिजन। ● अमृत विचार

# महिला की हालत बिगड़ी, बेहोश होकर गिरी

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** स्थानीय बजाज चीनी मिल में अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे मजदूर परिवार की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। शनिवार को अनशन पर बैठी मजदूर की मां गायत्री देवी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। सीएचसी पलिया से एम्बुलेंस पहुंची और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

बताया जा रहा है कि इससे एक दिन पहले ही मृतक मजदूर की भाभी की तबीयत बिगड़ गई थी। लगातार बिगड़ती सेहत के बावजूद परिवार मांगों को लेकर अनशन पर बैठा है। भूख हड़ताल पर बैठे प्रेम सागर ने बताया कि 24 मार्च 2021 को उनके पुत्र मनीष कुमार गौतम की मिल के अंदर ड्यूटी पर करंट से मौत हो गई थी। उस समय मिल प्रबंधन ने मृतक के भाई अजीत कुमार गौतम को नौकरी देने का आश्वासन दिया था, लेकिन 5 वर्ष बाद भी उसे केवल ठेका मजदूर के रूप में रखा है। परिजनों की मांग है कि अजीत कुमार को स्थायी नौकरी दी जाए। इसी मांग को लेकर प्रेम सागर अपनी पत्नी गायत्री देवी, पुत्र अजीत कुमार और बहू सारथी देवी के साथ मिल गेट नंबर 5 पर बीते बुधवार से भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

मजदूर परिवार के समर्थन में शारदा वर्कर्स एसोसिएशन भी सामने आ गया है। एसोसिएशन के मंत्री निर्भय नारायण सिंह ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया और मजदूर परिवार की मांगों को जायज बताया। वहीं दूसरी ओर मिल प्रबंधन ने मामले से दूरी बनाते हुए अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। एचआर विभाग के सतीश श्रीवास्तव का कहना है कि मृतक मिल का स्थायी कर्मचारी नहीं बल्कि ठेका मजदूर था। उसके निधन के बाद उसके भाई को ठेका मजदूर के रूप में काम दिया गया, जो अभी भी कार्यरत है। ऐसे में मिल प्रबंधन पर स्थायी नौकरी देने की कोई बाध्यता नहीं बनती। इधर, लगातार बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के बावजूद परिवार का अनशन जारी है, जिससे कभी भी हालात और गंभीर हो सकते हैं।


चीनी मिल गेट पर आमरण अनशन पर बैठे लोग। ● अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

आवश्यकता है
प्रधानाचार्य, अध्यापक, अध्यापिकाओं, चपरासी, गार्ड, माली, सफाई कर्मचारी की
B.K.S. मैमोरियल इंग्लिश स्कूल
रजपुरी ढकनी फरीदपुर (बरेली)
सम्पर्क करें : 9412196717

FACULTY
Required for
B.Ed., BBA
BA(Drawing)
M.Sc. (Home Sc.)
Librarian, Helping Staff
Qual. & Exp. as per Govt/ University norms.
Apply within 15 days
pushpinstitute@gmail.com
Pushp Institute, Pilibhit
(Aff. to Rohilkhand Uni. BLY)

सूचना
Army No. 15564398W HAV Babu Ram 62 Engrs. Regt./IWT PL C/o 56 APO के रिकार्ड में पत्नी का नाम गलती से Saveta तथा जन्मतिथि 01.01.1980 दर्ज हो गई है जबकि सही नाम Savita तथा जन्मतिथि 28.06.1978 है। अन्य दस्तावेजों में भी यही नाम व जन्मतिथि दर्ज है।

सूचना
मैंने अपने पुत्र मुदस्सिर शनब खान उर्फ मुन्ना को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **मो. शनब खां पुत्र मो. शेर खां निवासी मोहल्ला बुखारी टोला, कस्बा खीरी टाउन, थाना खीरी, जिला- खीरी**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

